## ' अमृत विचार' आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 7906636232 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.

## शहर में आज

☞ शाहबाद-पटवाई रोड स्थित कृष्णा मंदिर में संतोषी माता की पूजा अर्चना प्रातः 6:30 बजे।

☞ भारतीय किसान यूनियन की पंचायत आंबेडकर पार्क में दोपहर 12:30 बजे।

## एक नजर

### एकजुट होकर मतदान करे यादव समाज

**रामपुर, अमृत विचार :** अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा के युवा जिला अध्यक्ष गोविन्द सिंह यादव ने कहा कि चुनाव में यादव समाज एकजुट होकर मतदान करें। हम सब एकजुट होकर भ्रष्टाचार व महंगाई के खिलाफ मतदान करें। कहा कि डीजल-पेट्रोल के दाम में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही हैं। देश कृषि प्रधान है लेकिन, किसानों की आर्थिक स्थिति काफी खराब है। किसान कर्ज में डूबा हुआ। लेकिन, सरकार को कोई चिंता नहीं है। जब तक किसानों की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होगी तब तक देश विकसित नहीं हो सकता। इसलिए एकजुट होकर ज्यादा से ज्यादा अपने मत का इस्तेमाल करें।

### एक माह से जेई नहीं

**रामपुर, अमृत विचार :** डूंगरपुर बिजलीघर में एक माह से जेई का पद रिक्त चल रहा है। करीब पांच माह पहले विजिलेंस टीम में तैनात संतोष कुमार को यहां का चार्ज मिला था। वह यहां दो माह तक कार्यरत रहे। अब उनका स्थानांतरण मुरादाबाद हो गया है। एसडीओ ने बताया कि जेई की तैनाती के लिए उच्च अधिकारियों को बताया गया है। उम्मीद है जल्द ही तैनाती हो जाएगी।

### अखिलेश यादव और मायावती भी नहीं आ सकीं रामपुर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामपुर में कीं दो जनसभाएं

# आजादी के बाद पहली बार सन्नाटे में गुजरा रामपुर का लोकसभा चुनाव

सुहेल जैदी, रामपुर


योगी आदित्यनाथ


अखिलेश यादव


आजम खां


बेगम नूरबानो


मायावती

**अमृत विचार:** पश्चिमी उत्तर प्रदेश की वीआईपी सीट पर आजादी के बाद पहली बार लोकसभा चुनाव सन्नाटे में गुजर गया। इस चुनाव में नूरमहल और आजम खां की प्रतिष्ठा दांव पर नहीं है। 1952 में देश में पहला लोकसभा चुनाव हुआ था। इसमें रामपुर से देश के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद ने चुनाव लड़ा था। उनके मुकाबले पर हिन्द मजदूर महासभा के बिशन चंद सेठ थे। मौलाना अबुल कलाम आजाद ने बिश्यान चंद सेठ को 34753 वोट से शिकस्त दी थी। मौलाना का चुनाव रामपुर के नवाब रजा अली खां ने पूरी शिद्दत से लड़ाया था। बताते हैं कि पहला चुनाव ही रामपुर के नवाब के लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गया था। लेकिन, 2024 का लोकसभा चुनाव सूना-सूना ही गुजर चुका है।

रामपुर के लोकसभा चुनाव पर पूरे देश की नजर रहती है। वयोवृद्ध प्रसिद्ध रंगकर्मी महेंद्र सक्सेना बताते हैं कि पहले चुनाव में बहुत शोर था। बिशन चंद सेठ ने पैसा पानी की तरह बहाया था। जबकि, मौलाना अबुल कलाम आजाद पूरे चुनाव में केवल तीन बार ही आए थे। एक बार नामांकन कराया और दूसरी बार जीत का प्रमाण पत्र लिया था। इस दौरान एक बार नेहरू पार्क में मात्र एक जनसभा को संबोधित किया था। लेकिन, इस बार चुनाव के दौरान भाजपा के बड़े नेताओं के अलावा अखिलेश यादव, शिवपाल यादव या मायावती अपने प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार करने एक बार भी नहीं आए।

सपा नेता आजम खां सीतापुर जेल में सात साल की सजा काट रहे हैं। 24 मार्च को उनसे मिलने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पहुंचे थे। आजम खां ने अखिलेश यादव को रामपुर से चुनाव लड़ने का सुझाव दिया था। लेकिन, वह नहीं माने। आनन-फानन में उन्होंने दिल्ली से पार्लियामेंट की मस्जिद के इमाम मोहिब्बुल्लाह नदवी को रामपुर से चुनाव मैदान में उतार दिया। मौलाना को आजम समर्थकों का विरोध भी झेलना पड़ा। मायावती ने नये चेहरे जीशान खां पर दांव लगाया। लेकिन, एक बार भी चुनाव प्रचार के लिए वह नहीं आईं। मुरादाबाद में जनसभा करके उन्होंने संगठन के लोगों से चुनाव लड़ाने का आह्वान किया। बसपा प्रत्याशी के जुलूसों में आजम खां जिन्दाबाद के नारे भी गूंजे। इस चुनाव में पहली बार आजम खां के नहीं होने से लोगों को आजम खां की शोला बयां तकरीरें सुनने को नहीं मिलीं। सपा-बसपा के प्रत्याशी अपने बलबूते चुनाव लड़े। जबकि, भाजपा प्रत्याशी के चुनाव प्रचार के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना समेत संगठन ने पूरी ताकत झोंक दी।

रामपुर मुस्लिम बाहुल्य जिला है। यहां पहली बार मुस्लिम मतदाता भी असमंजस में हैं कि बटन किस प्रत्याशी के पक्ष में दबाए। सपा-कांग्रेस गठबंधन धर्म निभाते हुए पूर्व सांसद बेगम नूरबानो लोकसभा चुनाव नहीं लड़ीं। जबकि राजनीतिक पंडितों का कहना है कि इस बार बेगम नूरबानो यदि निर्दलीय भी लड़तीं तब भी आसानी से सीट निकाल सकती थीं।

### रामपुर से 34753 वोटों से मौलाना अबुल कलाम आजाद ने जीता था पहला लोकसभा चुनाव



वर्ष 1952 में हुए पहले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी मौलाना अबुल कलाम आजाद ने हिन्द मजदूर महासंघ के बिशन चंद्र सेठ को 34753 वोटों से हराया था। मौलाना अबुल कलाम को 108180 वोट मिले थे। जबकि, बिशन चंद सेठ को 73427 वोटों पर संतोष करना पड़ा था। ग्राम प्रधान संगठन के महासचिव काशिफ खां बताते हैं कि रामपुर से पहली बार नवाब रजा अली खां के प्रत्याशी मौलाना अबुल कलाम आजाद सांसद बने थे। इसके बाद नवाब रजा अली खां के दामाद राजा पीरपुर सैयद अहमद मेहंदी 1957 और 1962 में चुनाव जीते।

## पिटाई से घोड़े बिदके दुकान का टूटा शीशा

**रामपुर, अमृत विचार :** नगर के मुख्य मार्ग पर बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने गुरुवार की शाम बरात चढ़त के दौरान बग्गी में जुड़े घोड़े बिदक गए। इससे अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान एक दुकान का शीशा भी टूट गया। दुकानदार ने बग्घी चालक के खिलाफ थाने में तहरीर देने की बात कही है।

गुरुवार देर शाम मुख्य मार्ग पर बरात की चढ़त हो रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार इस दौरान बग्गी चालक ने जल्दबाजी करते हुए घोड़ों की पिटाई कर दी। जिससे घोड़े बिदक गए और बग्घी सहित एक रेडीमेड गारमेंट की दुकान में घुसने का प्रयास किया। इससे दुकान का शीशे का गेट टूट गया। यह देख मौके पर पहुंचे कुछ लोगों ने किसी तरह घोड़ों को काबू किया। पीड़ित दुकानदार ने भी बग्घी चालक के खिलाफ थाने में तहरीर देने की बात कही है।

# 17.31 लाख वोटर तय करेंगे प्रत्याशियों का भाग्य

### जिले के 1071 मतदान केंद्रों पर सुबह सात से शाम छह बजे तक होगा मतदान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** वीआईपी सीट रामपुर में लोकसभा चुनाव में आज छह प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला 1731836 मतदाता करेंगे। जिले के 1071 मतदान केंद्रों पर सुबह सात से शाम छह बजे तक मतदान होगा। शहरी क्षेत्र में 165 और ग्रामीण क्षेत्र में 906 मतदान केंद्र हैं। इनमें 775 क्रिटीकल मतदान केंद्र और 310 मतदेय स्थल हैं। 915998 पुरुष और 815678 महिलाओं के अलावा 160 थर्ड जेंडर मतदाता हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी जोगिन्दर सिंह ने बताया कि मतदान के लिए 3578 ईवीएम लगाई गई हैं जबकि 888 रिजर्व में रखी गई हैं। 2223 वीवी पेट लगाई गई हैं। चुनाव में 400 हैवी और 300 लाइट वाहन लगाए गए हैं। जिले में कुल 17,31,836 मतदाता हैं। इनमें 815678 महिला, 915958 पुरुष और 1601 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। 1071 मतदान केंद्र हैं। 130 बूथों पर अलग से फोटोग्राफी कराई जाएगी। मतदाता मतदेय स्थल के भीतर मोबाइल फोन लेकर नहीं जाएं। मतदान स्थल से 200 मीटर पर पार्टियां अपना बस्ता लगा सकती हैं। लोग किसी तरह की फर्जी वोटिंग से बचें और किसी के प्रलोभन में न आएं। चुनाव में 36497 मतदाता पहली बार वोट करेंगे। चुनाव में 152 सेक्टर और 25 जोनल मजिस्ट्रेट लगाए गए हैं।

नगर पालिका और नगर पंचायतों में पिंक बूथ बनवाए गए हैं। दिव्यांग मतदाताओं के लिए मतदान केंद्र पर व्हील चेयर की व्यवस्था रहेगी।


घनश्याम सिंह लोधी


मोहिब्बुल्लाह नदवी

**लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशी और उनके चुनाव चिंह**

| प्रत्याशी का नाम | पार्टी | चुनाव चिंह |
|---|---|---|
| घनश्याम सिंह लोधी | भाजपा | कमल |
| मोहिब्बुल्लाह नदवी | सपा | साइकिल |
| जीशान खां | बसपा | हाथी |
| महमूद पराचा | निर्दलीय | रबर की मुहर |
| अरशद वारसी | डेमोक्रेटिक पार्टी | क्रेन |
| शिव प्रसाद | निर्दलीय | बल्ला |


जीशान खां


महमूद प्राचा


अरशद वारसी


शिव प्रसाद

- जिले में 775 हैं क्रिटीकल मतदान केंद्र और 310 मतदेय स्थल
- 915998 पुरुष और 815678 हैं महिला मतदाता, 160 थर्ड जेंडर

लोकसभा चुनाव के लिए तमाम तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। 19 अप्रैल को सुबह सात से शाम छह बजे तक मतदान होगा। शाम छह बजे पोलिंग पार्टियां डूंगरपुर स्थित नवीन मंडी स्थल पहुंचेंगी। ईवीएम को स्ट्रांग रूम में रखवाया जाएगा। -जोगिन्दर सिंह, जिला निर्वाचन अधिकारी

पोलिंग पार्टियां 19 अप्रैल की शाम डूंगरपुर स्थित नवीन मंडी स्थल पर पहुंचेंगी और ईवीएम को नवीन मंडी स्थल में बने स्ट्रांग रूम में रखवाया जाएगा। चार जून को नवीन मंडल स्थल में मतगणना होगी।

## राजनीति के जाल में न फंसें किसान : हसीब

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


पंचायत को संबोधित करते प्रदेश महासचिव हसीब अहमद। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** भाकियू के प्रदेश महासचिव हसीब अहमद ने कहा कि किसान बदहाल है और कर्ज में डूबा हुआ है। लोकसभा चुनाव में जो भी सरकार केंद्र की सत्ता में आए उसे इस विषय पर गंभीरता से चिंतन करना होगा। ताकि किसान का जीवन बच सके एवं युवाओं का भविष्य बेहतर हो सके। कहा कि किसी राजनीति के जाल में किसान न फंसें।

भारतीय किसान यूनियन की पंचायत गुरुवार को प्रदेश कैंप कार्यालय में हुई। इसमें यूनियन के प्रदेश महासचिव ने किसानों से अंतरात्मा की आवाज पर वोट करने की अपील की। कहा कि वर्तमान सरकार के सामने भाकियू ने ही विपक्ष की भूमिका निभाई है। पंचायत में विचार विमर्श के बाद निर्णय लिया कि एक वोट का ही अधिकार है। भविष्य को देखते हुए किसी एक के हक में समर्थन का फैसला लेना अनुचित है। लोगों को संगठन का ध्यान रखते हुए आगे बढ़ना है। आप लोगों के बीच में विरोधी भी हैं। ऐसे लोगों से बड़ी सावधानी से बचते हुए और ऐसे रास्तों पर बड़े ध्यान से आगे बढ़ना है। किसी राजनीतिक नेता के जाल में नहीं फंसना है। बहुत ध्यान के साथ इस कठिन समय से निकलना है। अगर इस संगठन पर शासन या प्रशासन हावी हो गया तो आप लोगों को बहुत बड़ी कठिनाई का सामना करना पड़ेगा।

इस दौरान मंडल सचिव जुबैद आलम, गुलाम मोहम्मद, मोहम्मद मुस्तकीम, राजपाल सिंह, मोहम्मद रफी, नल सिंह यादव, रामौतार, मास्टर सुबहान अली, हुकुम सिंह, बिट्टू सिंह, अनिल ठाकुर, नीरज त्यागी, अमरीक सिंह, अजय पाल सिंह यादव, सुरेंद्र शर्मा, हरिओम शर्मा आदि मौजूद रहे।

# सपाइयों को परेशान कर रही पुलिस : मोहिब्बुल्लाह

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


प्रेक्षक को ज्ञापन देता सपा प्रतिनिधि मंडल। ● अमृत विचार

- सपा प्रतिनिधि मंडल ने प्रेक्षक और डीएम से मुलाकात कर सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार :** सपा प्रत्याशी मोहिब्बुल्लाह नदवी ने सपा प्रतिनिधि मंडल के साथ प्रेक्षक व जिलाधिकारी से मुलाकात की और लोकसभा चुनाव में पुलिस द्वारा सत्ता पक्ष के दबाव में काम करने की शिकायत की। आरोप लगाया कि पुलिस-प्रशासन ने चुनाव-प्रचार समाप्त होने के बाद मतदान प्रतिशत कम करने की नियत से समाजवादी पार्टी के नेताओं, कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों के घरों पर छापामारी की।

सपा प्रत्याशी को प्रेक्षक और जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि चुनाव निष्पक्ष कराया जाएगा। जबकि, सपा प्रत्याशी ने कहा कि पुलिस-प्रशासन द्वारा चुनाव-प्रचार समाप्त होने के बाद से सपा के नेताओं, कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों के घर छापे मारकर तांडव मचाना शुरू कर दिया है। आरोप लगाया कि अपर पुलिस अधीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव ने सरकार से इनाम के लालच में सारे नियमों को ताक पर रख दिया है।

ज्ञापन पर पूर्व विधायक संजय कपूर, पूर्व विधायक अफरोज अली खां, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह, जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन, सरदार तजेंद्र सिंह विर्क, फरहत मियां, धर्मेंद्र देव गुप्ता, अरशद अली खान गुड्डू, मुती उर्रहमान खान बबलू, निक्कू पंडित, नोमान खां, शारिब अली खां, अब्दुल सलाम, कमर यार खान, जफर यार खान, अनीता यादव, राजा ठाकुर, याकूब खां आदि लोग मौजूद रहे।

## शांतिपूर्वक तरीके से कराया जाए मतदान : जीशान

**रामपुर, अमृत विचार:** बसपा के प्रत्याशी जीशान खां ने भारत निर्वाचन आयोग को संबोधित ज्ञापन जिला निर्वाचन अधिकारी और पुलिस अधीक्षक को सौंपा।

इसमें कहा है कि पहले चरण का चुनाव शुक्रवार को होना है। इसे निष्पक्ष और शांतिपूर्ण संपन्न कराना आवश्यक है। ज्ञात हुआ है कि जिले के कई क्षेत्रों में पुलिस ने मतदाताओं और पार्टी के समर्थकों के घर दबिश देकर उन्हें पकड़ा है। उनके घर लगे सीसीटीवी कैमरे तथा घर का सामान भी तोड़ा गया। इससे वोटरों में भय का माहौल है। पुलिस की इस कार्रवाई से मतदान प्रतिशत में गिरावट आ सकती है। भयमुक्त चुनाव कराने के लिए इस मामले पर संज्ञान लें। इस मौके पर बसपा के जिलाध्यक्ष प्रमोद निरंकारी, बसपा के कोर्डिनेटर शहाब खां मौजूद रहे।




**अपील** अच्छी सरकार ही कर सकती है देश का तेजी से विकास, इसलिए जरूर करें मताधिकार का प्रयोग

# बोले धर्मगुरु : लोकतंत्र के लिए एक-एक वोट कीमती

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की पूर्व संध्या पर धर्मगुरुओं ने लोगों से मतदान करने की अपील की है। कहा कि लोकतंत्र में संविधान ने मतदाताओं को यह ताकत दी है। इसलिए मतदान करना बहुत जरूरी है।

उन्होंने कहा कि सांसद पर जिले के विकास की तमाम जिम्मेदारियां रहती हैं। जनता उन्हें बहुत उम्मीद से सांसद चुनती है। चुने गए सांसद को भी जनता की तकलीफों का ध्यान रखना चाहिए।

जनता पहले सोचे-समझे और अपने अच्छे-बुरे का ख्याल रखते हुए जिसको चाहे वोट करे। लेकिन, वोट जरूर डालें। एक-एक वोट कीमती होता है। इसलिए निर्भय होकर मतदान करें।



वोट डालने के लिए जरूर जाएं। भारतीय संविधान ने यह हक हर खासो-आम को दिया है। सुबह उठकर पहले मतदान करें, इसके बाद अन्य काम करें। वोट डालने से पहले जरूर सोचें। क्योंकि वोट बहुत कीमती है। एक-एक वोट किसी भी प्रत्याशी को जिताने या हराने में सक्षम होता है। वोट डालने से पहले जरूर सोचें।
**- पादरी नितिन मैसी**



लोकतंत्र के इस पर्व को मिलजुल कर मनाएं। मतदान अवश्य करें। अफवाह पर ध्यान न दें। भ्रामक खबर को सोशल मीडिया पर आगे न बढ़ाएं। प्रशासन को इसकी सूचना दें। मामूली सी लापरवाही से यह मौका आपके हाथ से छूट सकता है। सारे काम छोड़कर पहले मतदेय स्थलों पर पहुंचे।
**- पंडित विश्वनाथ मिश्रा, पुजारी महालक्ष्मी मंदिर चाह सोतियान**



वोट डालने के लिए जरूर जाएं। यह हर नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। सुबह पहले मतदान करें, फिर जलपान करें। अपनी पसंद के प्रत्याशी को वोट अवश्य दें। ताकि, देश में साफ-सुथरी छवि वाली सरकार बन सके। मतदाता किसी के दबाव और प्रलोभन में न आएं।
**- सुरजीत सिंह, ग्रंथी गुरुद्वारा सिंह सभा**



प्रत्येक नागरिक को वोट देने का इख्तियार है। सुबह सबसे पहला वोट डालें। किसी भी तरह की बदअमनी न फैलाएं। वोट डालकर घर वापस आ जाएं और किसी अफवाह पर ध्यान न दें। ऐसे सांसद को चुने जो रामपुर में रोजगार का इंतजाम करा सके।
**- मौलाना जमान बाकरी, पेश इमाम मस्जिद किला**



सुबह उठकर पहला काम वोट डालने का करें। किसी अफवाह पर ध्यान न दें। वोट डालने से पहले कुछ देर जरूर सोचें और ऐसे प्रत्याशी को वोट दें जो रामपुर में तामीरी काम करने वाला हो। संविधान ने वोट डालने का हक दिया है। इसलिए वोट डालने के लिए जरूर जाएंद। किसी के बहकावे में न आएं।
**- मौलाना मुफ्ती महबूब अली, शहर इमाम**

## एक नजर

### डीपीआरओ ने किया बूथों का निरीक्षण

रामपुर, अमृत विचार : जनपद में लोकसभा चुनाव को लेकर बूथों पर की गई व्यवस्थाओं का जिला पंचायत राज अधिकारी जाहिद हुसैन ने जायजा लिया। उन्होंने ग्राम पंचायत सचिव, सहायक विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि बूथों पर किसी भी तरह की कोई कमी नहीं रहना चाहिए। गुरुवार को उन्होंने ब्लॉक सैदनगर की ग्राम पंचायत हकीमगंज के बूथ का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि बूथ के बाहर कहीं भी जलभराव और कूड़ा करकट न हो। उन्होंने ग्राम पंचायत सचिव, सहायक विकास अधिकारी से प्राइवेट कर्मचारियों की सूची मांगी।

### मसवासी में मतदाताओं तक नहीं पहुंचीं पर्चियां

मसवासी, अमृत विचार : शुक्रवार होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारी पूरी हो चुकी हैं। पहले चरण का मतदान कराने के लिए पोलिंग पार्टियां क्षेत्र के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में पहुंच गई हैं। स्थानीय पुलिस ने उन्हें गंतव्य तक पहुंचाया। उधर बीएलओ की लापरवाही के चलते मतदाताओं तक मतदाता पर्चियां नहीं पहुंची हैं। जिससे तमाम मतदाताओं में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। मतदाताओं ने मतदाता पर्ची वितरण में बीएलओ की लापरवाही पर आक्रोश जताया है।

# दो किसानों की छह एकड़ गेहूं की फसल जली

## शरारती तत्व के जलती बीड़ी फेंकने से गेहूं की फसल ने पकड़ी आग, मुआवजे की मांग

संवाददाता, स्वार

अमृत विचार : दो किसानों की लगभग छह एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। इसकी कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। किसानों ने तहसीलदार से मुआवजा दिलाने की मांग की है। मौके पर काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। लोगों ने बमुश्किल आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक किसानों की खून-पसीने की कमाई जलकर खाक हो गई।

तहसील क्षेत्र के गांव मानपुर निवासी किसान रंजीत सिंह की गांव नबीगंज के निकट बथुआ खेड़ा में साढ़े पांच एकड़ जमीन में गेहूं की फसल बोई हुई थी। गुरुवार को किसी शरारती तत्व ने जलती बीड़ी गेहूं के खेत में डाल दी। इससे कुछ ही में गेहूं की फसल ने आग पकड़ ली। किसान की गेहूं की फसल में आग लगने की सूचना कुछ ही देर में पूरे गांव में फैल गई। तमाम ग्रामीण खेतों की और दौड़ पड़े और



स्वार में गेहूं की फसल में लगी आग।

- पड़ोसी जसवंत सिंह की चार बीघा गेहूं की फसल भी जली
- देखते ही देखते आग ने धारण किया विकराल रूप

गेहूं की फसल में लगी आग बुझाने का प्रयास करते हुए खेत स्वामी को सूचना दी। इस दौरान आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। गेहूं की फसल से ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगीं।

आग ने गांव नबीगंज निवासी किसान जसवंत सिंह की चार बीघे में खड़ी गेहूं की फसल को भी अपनी चपेट में ले लिया। किसानों ने बमुश्किल आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक दोनों किसानों की खून पसीने से तैयार की गई गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। किसानों ने तहसीलदार से जांच करा कर मुआवजा दिलाने की मांग की है।

### मिलक और बिलासपुर क्षेत्र में भी कई एकड़ गेहूं जलकर हो चुका है राख

मिलक क्षेत्र के ग्राम पिपला शिवनगर में मंगलवार की शाम को गांव निवासी मोहनलाल के खेत में बिजली के तार से गिरी चिंगारी से आग लग गई थी। देखते ही देखते आग ने पूरे खेत को अपनी चपेट में ले लिया था। इस दौरान 19 बीघा गेहूं की फसल और पॉपुलर के तीन वर्ष पुराने 850 पेड़ जल कर राख हो गए थे। इस घटना में किसान को लाखों रुपये का नुकसान हुआ था। पीड़ित ने डीएम से शिकायत करके मुआवजे की मांग की थी। इसके अलावा बिलासपुर के गांव ताल महावर में बुधवार की सुबह पूर्व प्रधान हफीज खां के खेत में अचानक आग लग गई थी। देखते ही देखते यह आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था। आग की लपटों को देख आसपास के खेतों में काम कर रहे किसानों में एकाएक हड़कंप मच गया था। वह निजी संसाधनों से आग पर काबू पाने में जुट गए थे। मौके पर पहुंचे पूर्व प्रधान ने फायर ब्रिगेड को सूचित किया था। सूचना के घंटों बाद पहुंची फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया था। मगर तब तक करीब तीन एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख हो गई थी। इसकी कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये बताई गई थी।

### आग से तीन किसानों का पांच एकड़ गेहूं जला

भोट, अमृत विचार : अज्ञात कारणों से लगी आग से नरखेड़ा गांव निवासी तीन किसानों की करीब पांच एकड़ गेहूं की फसल जल कर राख हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। गुरुवार की सुबह नरखेड़ा गांव के जंगल में थाना क्षेत्र के ही बैरमनगर गांव निवासी हाजी वाजिद अली के गेहूं के खेत में अज्ञात कारणों से आग लग गई। यह देख आसपास के खेतों में काम रहे लोगों ने खेत स्वामी को सूचना दी। इस बीच तमाम ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और आग बुझाने में जुट गए। लेकिन तेज हवा के चलते आग आसपास के खेतों में भी फैलने लगी। इस पर किसानों ने तत्काल पुलिस व फायर ब्रिगेड को सूचना दी। कुछ ही देर बाद बाद फायर ब्रिगेड व पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया। ग्राम प्रधान अकबर अली ने बताया कि आग से हाजी वाजिद अली की करीब तीन एकड़, नक्शे अली की एक एकड़ व नन्हे की पांच बीघा गेहूं की फसल जल कर राख हो गई है।

# जिला अस्पताल में पांच बेड का वार्ड आरक्षित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। आपातकाल के लिए जिला अस्पताल में पांच बेड का वार्ड आरक्षित किया है। चुनाव के लिए लगाए गए मतदान कर्मियों का स्वास्थ्य खराब हो तो उन्हें तत्काल भर्ती कराकर उपचार कराया जाएगा। इसके लिए तीन ईएमओ की डयूटी लगाई गई है। इसके अलावा स्टाफ को भी निर्देशित किया है, कोई भी वार्ड ब्वॉय और स्टॉफ नर्स बिना बताए मुख्यालय नहीं छोडेंगे। इसको लेकर गुरूवार को जिला अस्पताल में दिन भर तैयारियां होती रहीं।

शुक्रवार को प्रथम चरण में चुनाव होना है। मतदान सुबह सात से शाम छह बजे तक होगा। चुनाव को लेकर स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट हो गया है। मतदान केंद्रों पर 108 एंबुलेंस 20 और 102 एंबुलेंस 24 लगाई गईं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार दो एंबुलेंस नवीन मंडी स्थल में लगाई गई हैं। मतदान केंद्रों पर छह डॉक्टरों की टीम तैनात की गई है। ताकि आपातकालीन स्थिति में मतदान कर्मियों का बेहतर उपचार किया जा सके। सीएमओ के निर्देश पर सीएमएस ने जिला अस्पताल में पांच बेड का वार्ड आरक्षित किया है।आरक्षित वार्ड का सीएमओ, सीएमएस ने निरीक्षण भी किया।

### 2200 मतदान कर्मियों को वितरित की गईं फर्स्ट एड किट

लोकसभा चुनाव के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से 2200 मतदान कर्मियों को फर्स्ट एड किट मुहैया कराई गई है। इनमें ओआरएस का पाउडर, बैंडेज भी रखे गए हैं। हर बूथ पर प्रत्येक स्वास्थ्यकर्मियों को किट दी गई है। इसमें जुकाम, बुखार, सिर दर्द, पेट दर्द, उल्टी और एंटीबॉयोटबिक दवा हैं।

> स्वास्थ्य विभाग द्वारा मतदान कर्मियों के लिए फर्स्ट एड किट दी गई है। इसमें किट में सामान्य बीमारियों के त्वरित उपचार के लिए गोलियों, कैप्सूल, क्रीम और बैंडेज की व्यवस्था की गई है। निर्वाचन कार्यालय से मतदान कर्मियों को किट मुहैया हो गई है।
> –दीपक त्यागी, चीफ फार्मासिस्ट

# जमीन कब्जाने के 22 मामलों में सुनवाई टली

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : किसानों को डरा-धमकाकर उनकी जमीन को जबरन कब्जाने के मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में हो रही है। गुरुवार को सुनवाई नहीं हो सकी। अब इन मामलों में 25 अप्रैल को सुनवाई होगी।

सपा शासनकाल में सपा नेता आजम खां ने अपने ड्रीम प्रोजेक्ट जौहर विश्व विद्यालय का निर्माण कराया था। अलीगढ़ मुस्लिम विश्व विद्यालय की तर्ज पर मोहम्मद अली जौहर विश्व विद्यालय को बनवाया गया था। सरकार जाने के बाद सूबे में आई भाजपा सरकार ने आजम खां और सपाइयों की घेराबंदी कर दी थी। इसमें जौहर ट्रस्ट के पदधिकारियों को भी घेरा गया था। इस दौरान आलियागंज के काफी किसानों ने 2019 में अजीमनगर थाने में तहरीर दी थी।

इसमें आरोप लगाया था कि पूर्व सांसद आजम खां ने सपा की सरकार के समय जमीन का बैनामा कराने का दबाव बनाया था। बाद में उनकी जमीन को जौहर यूनिवर्सिटी में मिला लिया गया था और इसकी चारदीवारी भी करा दी गई थी। चार अप्रैल को किसानों से जुड़े 22 मामलों में एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट के पीठासीन अधिकारी शोभित बंसल ने सभी 12 आरोपी सपा नेता आजम खां, आले हसन, कुशलवीर, डा. तंजीन फात्मा, अब्दुल्ला आजम, अदीब आजम, निकहत अफलाक, जकी उररहमान सिदद्की, मुश्ताक अहमद सिदद्की, फसीह जैदी और लेखपाल आनंदवीर सिंह पर आरोप तय कर दिए थे। आनंदवीर पर तीन मामलों में आरोप तय हुए थे। इन मामलों में गुरुवार को सुनवाई नहीं हो सकी। अब इन मामलों में 25 अप्रैल को सुनवाई होगी।

### डूंगरपुर के एक मामले में गवाह नहीं आने से टली सुनवाई

रामपुर, अमृत विचार : गवाह नहीं आने के कारण डूंगरपुर के एक मामले में गुरुवार को सुनवाई नहीं हो सकी। अब इस मामले में 22 अप्रैल को सुनवाई की तारीख निर्धारित की गई है। गंज थाना क्षेत्र की डूंगरपुर बस्ती को खाली कराने के नाम पर मारपीट, लूटपाट, डकैती जैसे आरोप लगाते हुए बस्ती के लोगों ने कई केस दर्ज कराए थे। तीन मुकदमों में कोर्ट फैसला सुना चुकी है। एक मामले में सपा नेता आजम खां को सात साल की कैद हुई है। जबकि दो मामलों में वह बरी हो चुके हैं। इसी तरह के एक अन्य मामले में सुनवाई कोर्ट में हो रही है। इस मामले में सपा नेता आजम खां के साथ ठेकेदार बरकत अली, शावेज खां, इमरान, इकराम, सज्जाद को आरोपी बनाया गया था। गुरुवार को गवाह नहीं आने के कारण इस मामले की सुनवाई टल गई। अब 22 अप्रैल को सुनवाई होगी।

# अंतर्राज्यीय चोर गिरोह का सदस्य चोरी के सामान समेत गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचारः सिविल लाइन पुलिस ने अंतर्राज्यीय गैंग के एक सदस्य को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार किया है। सिविल लाइन इंस्पेक्टर अजय मिश्रा ने बताया कि आरोपी ब्रहमपाल अन्तर्राज्यीय गैंग का सदस्य है।

सिविल लाइंस थाने में 17 अप्रैल को एक मामला दर्ज हुआ था। तभी से पुलिस मामले की विवेचना कर रही थी। सिविल लाइन पुलिस ने घटना का अनावरण करते हुए गुरुवार को अन्तर्राज्य गैंग के एक सदस्य ब्रहमपाल उर्फ प्रेमपाल निवासी ग्राम मिलक निब्बी सिंह को चोरी के सामान एवं घटना में प्रयुक्त उपकरणों के साथ आगापुर अंडरपास से गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर अजय मिश्रा ने बताया



चोरी के सामान के साथ आरोपी।

कि पकड़ा गया आरोपी ब्रहमपाल अन्तर्राज्य गैंग का सदस्य है। इसने पंजाबनगर स्थित सराफा की दुकान में चोरी की थी। तलाशी में आरोपी के पास से चुरा गई चांदी की गणेश लक्ष्मी की मूर्ति, चार सिक्के, चांदी के गणेश लक्ष्मी के सिक्के भी मिले। इसके साथ ही चांदी की 128 अंगूठी भी मिली हैं। पुलिस को उसके पास से एलसीडी, दो कैमरे, प्लास्टिक का बोरा तथा बसौली भी मिली है।

# चोरी होने पर टेंडर वोट का करें प्रयोग

संवाददाता, शाहबाद

अमृत विचार : शुक्रवार को पहले चरण का मतदान होगा। लेकिन जरा सोचिए कि अगर आपका वोट कोई और डाल कर चला जाए तो क्या हो। इसे वोट की चोरी होना कहा जाता है। यदि किसी और ने आपके नाम से वोट दे दिया है और आपका नाम मतदाता सूची में है तब आप टेंडर वोट डाल सकते हैं।

यदि आप बूथ पर मतदान करने जाएं और कोई आपकी पहचान पर सवाल उठाए लेकिन आप सही हैं, तो वोट कर सकते हैं। एसडीएम सुनील कुमार ने बताया कि कोई भी मतदाता टेंडर वोट व चैलेंज वोट के अधिकार का प्रयोग कर मतदान कर सकता है।

टेंडर वोट का प्रावधान है कि कोई मतदाता बूथ पर मताधिकार का प्रयोग करने पहुंचता है, लेकिन पहले ही कोई उसके नाम से वोट डाल चुका होता है तो मतदाता सूची में नाम होने की स्थिति में पीठासीन अधिकारी उससे एक प्रपत्र पर मतदान कराता है। इसके बाद मतपत्र को लिफाफे में बंद कर देता है। मतगणना के समय कम वोट के अंतर से हार-जीत की स्थिति में ऐसे वोट की गणना की जाती है। इसे टेंडर वोट कहा जाता है।

### चैलेंज वोट का भी है प्रावधान

यदि कोई मतदाता बूथ पर मतदान करने पहुंचता है और बूथ का एजेंट अथवा कोई दूसरा व्यक्ति आपत्ति कर देता है कि इस नाम का व्यक्ति गांव में नहीं रहता है। ऐसी स्थिति में मतदाता उस व्यक्ति को चैलेंज कर सकता है। खुद को सही साबित करने के लिए उसे पीठासीन अधिकारी से शिकायत करनी होगी। पीठासीन अधिकारी शिकायतकर्ता से दो रुपये फीस के रूप में जमा कराएगा। इसके बाद पीठासीन अधिकारी अपने स्तर से मामले की जांच करेगा। यदि जांच में मामला सही पाया जाता है तो शिकायत करने वाला वोटर मतदान कर सकता है। यदि मामला झूठा मिला तो फर्जी मतदान करने के प्रयास के आरोप में संबंधित व्यक्ति को पुलिस को सौंपा जाएगा। ऐसे व्यक्ति पर केस दर्ज हो सकता है।

> किसी व्यक्ति का वोट पहले ही डल चुका है तो टेंडर वोट के जरिए उसे मौका दिया जाएगा। चैलेंज वोट उस व्यक्ति के लिए जिसके मतदान करने पर आपत्ति लगाई गई हो उसे दो रुपये फीस जमा कर जांच होगी। सही मिलने पर वोट डलेगा। लेकिन गलत पाए जाने पर जेल जाना पड़ेगा।
> –सुनील कुमार प्रथम एसडीएम शाहबाद

**चुनाव**

- मतगणना के समय कम वोट के अंतर से हार-जीत की स्थिति में की जाती है ऐसे वोट की गणना

# लोहे के गोदाम का दरवाजा काटकर 50 हजार की चोरी

संवाददाता, सैफनी

अमृत विचार : बुधवार रात चोरों ने लोहे के गोदाम को निशाना बनाकर हजारों रुपए का सामान चोरी ले गए। सुबह गोदाम खोलने पर चोरी का पता लगा। पुलिस को घटना की तहरीर दे दी गई है।

मुरादाबाद जनपद के कुंदरकी थाना क्षेत्र के कमालपुर गांव निवासी मुकीम का शाहबाद-बिलारी रोड पर बिचपुरी गांव के तिराहे के पास लोहे का गोदाम है। पीड़ित के अनुसार गोदाम पर ही सोता था, लेकिन बुधवार की शाम घर चला गया। गुरुवार की सुबह वह जब गोदाम खोलने आया तो उसके ऑफिस का दरवाजा कटा हुआ था। अंदर लगा ताला टूटा था। काउंटर के अंदर रखे 15 हजार रुपये गायब थे। गोदाम के



काटा दरवाजा दिखाता गोदाम स्वामी।

अंदर जाकर रखी लोहे की जाली का रोल व लोहे की चादरें गायब थीं। गोदाम स्वामी ने बताया कि नकदी सहित करीब 50 हजार रुपये का सामान चोरी हुआ है। पुलिस को सूचना दे दी गई है। चोर मंगलवार की रात भी उसी जगह स्थित एक खाद की दुकान की खिड़की में लगी जाली तोड़कर करीब 30 हजार रुपये का सामान समेट कर ले गए थे।

# अब्दुल्ला के दो पैन कार्ड मामले में नहीं हुई गवाही

रामपुर, अमृत विचार : अब्दुल्ला आजम के दो पैनकार्ड मामले में शुक्रवार को सुनवाई नहीं हो सकी। अब इस मामले की सुनवाई 23 अप्रैल को होगी। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में हो रही है।

अब्दुल्ला आजम खां के खिलाफ दो पैन कार्ड होने के आरोप में भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने सिविल लाइंस कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें सपा नेता आजम खां भी आरोपी हैं। दो जन्म प्रमाण पत्र मामले में दोनों सजा काट रहे हैं। दो पैनकार्ड मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट ट्रायल में हो रही है। गुरुवार को इस मामले में सुनवाई नहीं हो सकी। अब इस मामले में 23 अप्रैल को सुनवाई होगी।

# चप्पे-चप्पे पर होगा पुलिस का पहरा, ड्रोन से होगी निगरानी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : लोकसभा सीट पर शुक्रवार को मतदान होगा। गुरुवार की शाम तक सभी पोलिंग पार्टियां अपने बूथों पर सामान के साथ पहुंच गईं। जिले में 1071 मतदान केंद्रों पर आज वोट डाले जाएंगे। 1789 बूथों पर 7884 मतदान कर्मी लगाए गए हैं। चप्पे-चप्पे पर पुलिस का पहरा होगा और ड्रोन से निगरानी की जाएगी। 1789 मतदान केंद्रों के साथ ही मोहल्लों में भी ड्रोन से पुलिस नजर रखेगी। मतदान से पहले पुलिस ने यूपी और उत्तराखंड के साथ ही जिले की अन्य सीमाओं पर भी निगरानी बढ़ाते हुए सीसीटीवी कैमरों से लैस कर दिया है। एसपी राजेश द्विवेदी ने बताया कि जिले में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। मतदान में गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

शुक्रवार को लोकसभा के पहले चरण का मतदान होना है। इसके लेकर कई दिन से प्रशासनिक अधिकारी तैयारी कर रहे थे। गुरुवार की सुबह सात बजे नवीन मंडी स्थल पर मतदानकर्मियों का पहुंचना शुरू हो गया था। सुबह से मंडी के आसपास बसें और ट्रक खड़े हो गए थे। पोलिंग पार्टियां मतदान सामग्री के साथ बसों में सवार हुईं और गंतव्य की ओर रवाना हो गईं। ईवीएम और वीवीपैट के साथ जीपीएस युक्त वाहनों से गुरुवार की शाम तक सभी पोलिंग पार्टियां अपने बूथों पर पहुंच गईं। शुक्रवार को 17.31 लाख मतदाता 1789 बूथों पर छह प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला करेंगे। पोलिंग पार्टियों को मंडी समिति परिसर से रवाना किया गया। सभी मतदान कर्मियों के गले में आईकार्ड होगा।



मंडी समिति में रवाना होने से पहले कागजी कार्रवाई करते मतदान कर्मी।



मंडी समिति में निरीक्षण करते प्रेक्षक, जिलाधिकारी एवं अन्य। ● अमृत विचार

### मतदान में गड़बड़ करने वालों के खिलाफ की जाएगी कड़ी कार्रवाई : जिलाधिकारी

जिला निर्वाचन अधिकारी जोगिंदर सिंह ने लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की थी। इसमें उन्होंने कहा था कि मतदान में खलल डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने मतदान की प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

> शुक्रवार को होने वाले चुनाव को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यूपी-उत्तराखंड सीमा पर भी चौकसी बढ़ाई गई है। बिलासपुर, बाजपुर-स्वार सीमा, मसवासी सीमा पर सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था की गई है। रामपुर-बरेली-रामपुर-मुरादाबाद, रामपुर-बदायूं सीमा पर भी सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। यहां बैरियर लगाकर चेकिंग की जा रही है।
> –राजेश द्विवेदी, एसपी

**समस्या** रात तीन बजे आपूर्ति सुचारु होने पर उपभोक्ताओं ने ली राहत की सांस

# भूमिगत केबिल फटने से 10 घंटे ठप रही बिजली, लोग हुए परेशान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : जैसे-जैसे गर्मी का सितम बढ़ता जा रहा है वैसे ही शहर की बिजली लाइनों में लगातार फॉल्ट हो रहे हैं। कभी तेज हवा चलने के कारण तार टूटकर गिरना तो कभी भूमिगत लाइनों में फॉल्ट हो रहे हैं। शहरवासियों को गर्मी में बिजली नहीं मिलने के कारण दुश्वारियों को झेलना पड़ रहा है। डूंगरपुर बिजलीघर के जेल रोड और वाटर्स वर्क्स फीडर की भूमिगत लाइन के केबिल में बर्स्ट होने से दस घंटे तक बिजली गुल रही।

डूंगरपुर बिजलीघर 20 एमवीए का है। यहां 10-10 एमवीए के दो ट्रांसफार्मर हैं जबकि, आठ फीडर हैं। इनसे जेल रोड, वाटर वर्क्स, खुसरो बाग, डिग्री कॉलेज, अस्तबल रोड, नवीन मंडी, आसरा



जली हुई भूमिगत केबिल को निकालते कर्मचारी। ● अमृत विचार

> पुलिस लाइन के सामने की भूमिगत केबिल में बर्स्ट हो गया था। जली हुई केबिल को हटाकर नई डलवा दी गई है। रात तीन बजे बाधित आपूर्ति को सुचारु करा दिया है।
> –प्रद्युम्न सिंह, एसडीओ, द्वितीय

कॉलोनी और सब स्टेशन को आपूर्ति की जाती है। बुधवार की शाम पांच बजे पुलिस लाइन के सामने जेल रोड और वाटर वर्क्स की भूमिगत लाइन का केबिल बर्स्ट हो गया। इसमें केबिल जलकर राख हो गई। इससे दोनों क्षेत्रों की आपूर्ति ठप हो गई। काफी देर तक बिजली नहीं आने पर उपभोक्ताओं ने एसडीओ, जेई से संपर्क साधा। वह जल्द ही सप्लाई सुचारु कराने का आश्वासन देते रहे। जेल रोड, मुमताज पार्क, घेर मीर बाज खां, टंकी नंबर पांच, पीपल वाला घेर, आखून खैलान, घेर मियां, चौकी पाखड़ में दस घंटे बिजली नहीं आने पर उपभोक्ता डूंगरपुर बिजलीघर पहुंच गए। बिजलीकर्मी जली हुई केबिल को निकालकर नई लगा रहे थे। यह काम रात तीन बजे तक चला। जेई ने बताया कि गर्मी के मौसम में लोग कूलर, एयरकंडीशन व अन्य उपकरणों का इस्तेमाल कर रहे हैं। इसकी वजह से केबिल में बर्स्ट हुआ था। केबिल बदलने के बाद आपूर्ति सुचारु करा दी गई।

### मिस्टन गंज क्षेत्र में हुई दो घंटे की कटौती

सोशल एक्टिविस्ट राकिम खां निवासी सराए गेट ने बिजली कटौती को लेकर अधीक्षण अभियंता को पत्र दिया है। इसमें उनका कहना है कि रजा बिजलीघर के मिस्टन गंज फीडर से रोजाना 12 से दोपहर दो बजे तक कटौती की जा रही है। बिजली कटौती से गर्मी में लोगों को हाल बेहाल है। कटौती को लेकर विभाग के अधिकारी संतोषजनक जवाब नहीं देते हैं। पत्र में मांग की है कि बिजली की अघोषित कटौती पर रोक लगाई जाए। लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

### पीवीवीएनएल वैन सही होती तो नहीं झेलना पड़ता संकट

भूमिगत लाइन में हुए फॉल्ट को तलाशने के लिए नवाबगेट डिवीजन में खड़ी पीवीवीएनएल वैन धूल फांक रही हैं। इस वैन के जरिए भूमिगित लाइन में हुए फॉल्ट को आसानी से तलाशा जा सकता था। लेकिन यह वैन डिवीजन के गैराज में लंबे समय से बेकार खड़ी हैं। अगर यह सही होती है भूमिगत लाइन में आई खराबी को तलाशकर जल्द ही सही कराया जा सकता है। उपभोक्ताओं को भी 10 घंटे का बिजली संकट नहीं झेलना पड़ता। लेकिन यह वैन देखरेख के अभाव में बदहाल स्थिति में हैं।

# जॉनी पाल हत्याकांड एक माह बाद भी अनसुलझा

मसवासी, अमृत विचार : क्षेत्र के करीमपुर के गांव में करीब एक माह पूर्व जॉनी पाल की हत्या में पुलिस अभी तक किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है। हालांकि पुलिस ने कई युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की मगर नतीजा शून्य ही रहा। परिजन लगातार उच्चाधिकारियों से शिकायत कर रहे हैं।

एक माह पूर्व करीमपुर गांव में होरीलाल के 26 वर्षीय पुत्र जॉनी पाल की गोली मारकर हत्या करके शव को गन्ने के खेत में फेंक दिया था। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे गए थे। मृतक के पिता का कहना था कि जॉनी पाल काशीपुर की गत्ता फैक्ट्री में मजदूरी करता था। मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था। कोतवाल संदीप त्यागी का कहना है कि चुनाव के बाद खुलासा कर दिया जाएगा।



## एक नजर

### जिलाधिकारी ने किया बूथों का निरीक्षण

**रामपुर, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में गुरुवार को मंडी परिसर से पोलिंग पार्टियों की रवानगी के बाद सामान्य प्रेक्षक धनराजू एस के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी जोगिन्दर सिंह ने शहर, कमोरा, धमोरा और मड़ैयांन उदय राज सहित विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बूथों पर मौजूद कार्मिकों से मूलभूत संसाधनों की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। वेबकास्टिंग के लिए किए गए प्रबंध का भी जायजा लिया। इस दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव जे जैन भी मौजूद रहे।

### सड़क हादसे में स्कूटी सवार दंपती घायल

**मिलक, अमृत विचार :** दवा लेने जा रहे स्कूटी सवार दंपती सड़क हादसे में घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। क्षेत्र के रामनगर की गौटिया निवासी बाबूराम अपनी पत्नी प्रेमवती के साथ दवा लेने स्कूटी से मिलक आ रहे थे। इस दौरान पीछे से आ रही बाइक ने स्कूटी में टक्कर मार दी। इसमें स्कूटी सवार दंपती घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस से मिलक के सरकारी अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# रजा लाइब्रेरी में विभिन्न भाषाओं की रामायणों की लगी प्रदर्शनी

## त्योहारों पर विशेष प्रदर्शनियों का आयोजन करती है रजा लाइब्रेरी : अरुण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** रामनवमी के अवसर पर रजा लाइब्रेरी एंड म्यूजियम में संग्रहित पवित्र रामायण की विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। रजा लाइब्रेरी के वरिष्ठ तकनीकी रेस्टोरर अरुण कुमार सक्सेना ने कहा कि लाइब्रेरी में अन्य भाषाओं के साथ संस्कृत की पाण्डुलिपियां मौजूद हैं। इन पांडुलिपियों में रामायण की बहुत सी दुर्लभ प्रतियां संग्रहीत हैं। समय-समय पर लाइब्रेरी विभिन्न उत्सवों एवं त्योहारों पर विशेष प्रदर्शनियों का आयोजन करती है।

प्रदर्शनी का आरंभ संरक्षण प्रयोगशाला प्रभारी एवं वरिष्ठ तकनीकी रेस्टोरर अरुण कुमार सक्सेना ने किया। उन्होंने कहा कि लाइब्रेरी के दरबार हॉल में रामनवमी के अवसर पर यहां संग्रहित विभिन्न भाषाओं की रामायणों की प्रतियों को प्रदर्शित किया गया। इसके साथ ही



प्रदर्शनी का उद्घाटन करते संरक्षण प्रयोगशाला प्रभारी अरुण कुमार सक्सेना।

भगवान श्री राम के विभिन्न चित्रों को फ्लैक्स के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। रजा लाइब्रेरी एंड म्यूजियम अपने अनमोल संग्रह के कारण दुनिया भर में प्रसिद्ध है। रजा लाइब्रेरी एक ऐसा अमूल्य खजाना है, जिसमें विभिन्न भाषाओं और लिपियों में रामायण की दुर्लभ प्रतियां संग्रहीत हैं। लाइब्रेरी सर्वधर्म समभाव के सिद्धांत

- **लाइब्रेरी में अन्य भाषाओं के साथ मौजूद हैं संस्कृत भाषा की पांडुलिपियां**

को अपनाते हुए अपने कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ रही है। लोगों के बीच सद्भावना के सन्देश का प्रचार करती है।

उन्होंने यह भी कहा कि 17 जनवरी को रामोत्सव के अवसर पर भी लाइब्रेरी द्वारा भारतीय चित्रकला में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम विषय पर रामायण की विशेष प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया जा चुका है।

इस अवसर पर प्रदर्शनी में लाइब्रेरी में संरक्षित रामायण की विभिन्न भाषाओं की पांडुलिपियों जैसे-फारसी में अनुवादित वाल्मीकि रामायण, श्रीरामचन्द्रस्तवराज स्तोत्रम्, रामाष्टकम्, श्रीमद्भगवतपुराण नवम् स्कन्ध, रामायण सुन्दर कांड, रामायण किष्किंधा कांड, रामायण उत्तर कांड एवं दुर्लभ मुद्रित पुस्तकों रूहानी रामायण, रामचर्चा, रामायण तस्वीर एवं पंडित ज्वाला प्रसाद मिश्र की टीका रामायण श्री गोस्वामी तुलसीदास कृत के अतिरिक्त वाल्मीकि रामायण के दुर्लभ लघुचित्रों को प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी 18 से 30 अप्रैल तक प्रदर्शित की जाएगी। इस अवसर पर नवेद कैसर, मोहनी रानी, सनम अली खां आदि मौजूद रहे।

## पानी का प्रेशर धीमा होने से मोहल्लेवासी परेशान

**रामपुर, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद के अधिकारियों की अनदेखी के चलते शहर के मोहल्ला अखाड़ा सोहराब में पानी का प्रेशर काफी धीमा है। इससे लोगों के घरों में पानी नहीं आ रहा है। इससे मोहल्लेवासी परेशान हैं।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि कई बार पालिका के अधिकारियों को बताया जा चुका है। इसके बाद भी समस्या जस की तस है। जिनके घरों में पानी की मोटरें लगी हैं उनके घरों में भी पानी आ रहा है। जिनके घर में पानी की मोटर नहीं है उन्हें जीवन यापन करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि आए दिन पानी की किल्लत रहती है। मोहल्ले में पानी की आपूर्ति नगर पालिका के ओवरहेड टैंक से हो रही है।

ईओ दुर्गेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि पानी का प्रेशर कम होने की शिकायत आने पर जलकल विभाग के कर्मचारियों को कहा गया कि जो खराबी है उसे तत्काल सही कराया जाए।

# मजबूत नेतृत्व वाली सरकार मुल्क की जरूरत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि आज दुनिया के उथल-पुथल से भरपूर माहौल के मद्देनजर नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्थायित्व से भरपूर और मजबूत नेतृत्व वाली सरकार मुल्क की आवश्यकता है।

राम विहार स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री रामपुर पहुंचे। कोसी पुल के पास प्रवेश के वक्त कार्यकर्ताओं ने फूलमाला एवं पटका पहनाकर उनका स्वागत किया गया। प्रथम चरण के मतदान की पूर्व संध्या पर भाजपा के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, ब्लॉक प्रमुख एवं प्रमुख नेताओं के साथ अधिक से अधिक मतदान करने के लिए चर्चा हुई। इस मौके पर नकवी ने कहा कि सभी मतदाताओं को मताधिकार का




कार्यकर्ताओं को संबोधित करते मुख्तार अब्बास नकवी। ● अमृत विचार

### दनियापुर में करेंगे मतदान

पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी शुक्रवार को राजकीय ग्राम्य विकास संस्थान दनियापुर, शंकरपुर स्थित बूथ संख्या 297 पर सुबह 8 : 30 बजे अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

इस्तेमाल करना चाहिए।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी, सूर्य प्रकाश पाल, अली यूसुफ अली, बीना भारद्वाज, सुरेश गंगवार, जागेश्वर दयाल दीक्षित, भारत भूषण गुप्ता, अर्चना गंगवार, कपिल आर्य, सुरेश बाबू गुप्ता, दिलीप अरोड़ा, रविंद्र सिंह रवि, टेकचंद गंगवार, मनोज, रियासत अली, सतनाम सिंह, संजय यादव, पारुल अग्रवाल, कुंवर पाल, विवेक पांडे, संजीव अग्रवाल, अकील प्रधान, रजनीश पटेल आदि उपस्थित रहे।

## पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ एक आरोपी पकड़ा

**रामपुर, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

कुछ दिन पहले कोतवाली पुलिस ने बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज की थी। तभी से पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। विवेचना के दौरान गुरुवार को प्रकाश में आए आरोपी जीशान पुत्र महबूब खां निवासी पंखावालान पक्का बाग से आगे थाना गंज में चेकिंग के दौरान अस्पताल के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी की बाइक बरामद कर ली है। आरोपी का चालान करने के बाद पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# गरीबों को पांच की जगह चार किलो राशन दे रहे डीलर

संवाददाता, मसवासी

- **मसवासी क्षेत्र में पूर्ति विभाग की लापरवाही से राशन वितरण प्रणाली बदहाल**
- **सरकार की महत्वपूर्ण योजना को पूर्ति विभाग लगा रहा पलीता**

**अमृत विचार :** पूर्ति विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार के चलते क्षेत्र की राशन वितरण प्रणाली ध्वस्त हो गई है। इसके चलते उपभोक्ताओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

क्षेत्र में कई राशन की दुकानों पर पांच किलो के स्थान पर चार किलो राशन का ही वितरण किया जा रहा है। इससे सरकार की मंशा को पलीता लग रहा है। स्वार आपूर्ति विभाग कार्यालय में कई बाहरी लोगों का दबदबा है, जो राशन कार्ड के खेल से लेकर राशन की दुकानों तक अपना दबाव बनाए हुए हैं। बताते हैं कि पूर्ति विभाग कार्यालय के एक अधिकारी की साठगांठ के चलते राशन की दुकानों पर जमकर धांधली की जा रही है। पांच किलो के स्थान पर सिर्फ चार किलो राशन ही दिया जा रहा है। कम राशन देने की शिकायत करने पर डीलर उपभोक्ताओं से अभद्रता करते हैं। शिकायत के बाद भी इन डीलरों पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती। शिकायत को रद्दी की टोकरी में डाल देते हैं। क्षेत्र के खौदकला, मझरा हसन, हसनपुर उत्तरी, समेत आसपास के गांवों में राशन डीलर मनमानी ढंग से राशन वितरण को अंजाम दे रहे हैं। स्वार उपजिलाधिकारी अवनीश कुमार ने बताया की कम राशन वितरण करने वाले राशन डीलरों की जांच की जाएगी। उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



केंद्र पर मतदान की तैयारी करते कार्मिक। ● अमृत विचार

# मतदान आज, बूथों पर पहुंचीं पोलिंग पार्टियां

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को मतदान होना है। पोलिंग पार्टियां ईवीएम, वीवीपेट, सीयू, पोलिंग बस्ता लेकर बूथों पर पहुंच गईं हैं। सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेटों ने देर शाम पोलिंग पार्टियों की उपस्थिति जांची। प्रभारी निरीक्षक प्रिंस शर्मा ने भी बूथों का जायजा लिया।

लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को सुबह सात बजे से वोट डाले जाएंगे। पोलिंग पार्टियां गुरुवार को बूथों पर पहुंच गईं। इसके बाद मतदान कार्मिकों ने सबसे पहले बूथ तैयार किया। ताकि निर्धारित समय पर मतदान शुरू हो सके। उन्होंने ईवीएम की कंट्रोल और बैलेट यूनिट को एक दूसरे से जोड़कर चेक किया।

## बिजली विभाग की लापरवाही से जल रहीं किसानों की फसलें

**मिलक, अमृत विचार :** भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष आदेश शंखधार ने कहा है कि बिजली विभाग की लापरवाही से हादसे हो रहे हैं। जिले में कई किसानों की गेहूं की फसलें जल कर राख हो गई हैं। किसानों की छह माह की कमाई एक मिनट में तबाह हो रही है। क्षेत्र में बिजली की लाइनें जर्जर हैं। इससे आए दिन हादसे होते रहते हैं। लेकिन बिजली विभाग द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है।

आदेश शंखधार ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर आज के बाद किसी भी किसान की फसल बिजली विभाग की लापरवाही से जली तो उसकी जिम्मेदारी बिजली विभाग के अधिकारियों की होगी। विभाग किसानों के नुकसान की भरपाई करेगा। इसलिए बिजली विभाग अपनी लाइनों को अति शीघ्र ठीक करा ले।

# छात्रों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** पटवाई स्थित तारक एजुकेशनल अकादमी में शुक्रवार को होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए विद्यार्थियों ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जागरूकता रैली निकाली।

मतदाता जागरूकता रैली द्वारा संदेश दिया गया कि 18 वर्ष की उम्र से ऊपर के सभी नागरिकों को अपना मतदान अवश्य करना चाहिए। मतदान निर्णय लेने या अपना विचार प्रकट करने की एक विधि है। मतदान की व्यवस्था के द्वारा किसी वर्ग या समाज का सदस्य राज्य की संसद या विधानसभा में अपना प्रतिनिधि चुनने या किसी अधिकारी के निर्वाचन में अपनी इच्छा या किसी प्रस्ताव पर अपना निर्णय प्रकट करता है। इस दृष्टि से यह




पटवाई में रैली निकालते छात्र। ● अमृत विचार

- **शांतिपूर्वक मतदान कर प्रशासन का करें पूर्ण सहयोग : परमजीत**
- **रैली में बच्चों ने बैलेट बॉक्स का भी किया प्रदर्शन**

व्यवस्था सभी चुनावों तथा सभी संसदीय या प्रत्यक्ष विधिनिर्माण में प्रयुक्त होती है। सभी मतदाताओं को अपने मत का सदुपयोग करना चाहिए। अपने इस अधिकार को प्राप्त करने के लिए हमारे पूर्वजों ने अग्रेंजी शासन से बहुत लंबी लड़ाई लड़ी थी। विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के स्लोगन भी तैयार किए तथा रैली में बैलेट बॉक्स को भी प्रदर्शित किया। प्रधानाचार्य परमजीत कौर ने संदेश दिया कि शांतिपूर्वक मतदान करके प्रशासन का पूर्ण सहयोग करें। इस अवसर पर सह प्रधानाचार्य अमित बनर्जी, कुलदीप कौर तथा समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# बीबी फात्मा के मजार की तामीर कराने के लिए राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जन्नतुल बकी में बीबी फात्मा के मजार की तामीर कराने के लिए शिया जामा मस्जिद कमेटी के सदस्य मौलाना अली मोहम्मद नकवी के नेतृत्व में कलक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने जिलाधिकारी कार्यालय में प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा है। इसमें मांग है कि बीबी फात्मा के मजार की तामीर कराई जाए।

शहर के मोहल्ला मकबरा जनाब ए आलिया स्थित शिया जामा मस्जिद कमेटी के सदस्य गुरुवार को मौलाना के नेतृत्व में कलक्ट्रेट पहुंचे। इसके बाद उन्होंने ज्ञापन दिया। इसमें कहा गया है कि जन्नतुल बकी जन्नत का बगीचा कब्रिस्तान में आखिरी नबी हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहो अलैही



प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन देते शिया जामा मस्जिद के इमाम एवं अन्य।

- **शिया जामा मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष के नेतृत्व में कलक्ट्रेट पहुंचे सदस्य**

वसल्लम दफन हैं। साथ ही उनकी बेटी बीबी फात्मा भी दफन हैं। लेकिन शरिया का गलत इस्तेमाल करते हुए सऊदी हुकूमत ने जन्नतुल बकी को शहीद कर दिया था। ज्ञापन में मांग है कि भारत सरकार सऊदी हुकूमत पर दबाव बनाकर रसूल-ए-अकरम की बेटी की मजार की जल्द तामीर करवाए। ज्ञापन देने वालों में संरक्षक सैयद अली मोहम्मद नकवी, असलम महमूद, इरफान अली जैदी, कमल रिजवी, सैयद इकबाल मेहंदी, सैफी जौहर, शोबी आदि शामिल रहे।

## चाकू के साथ पकड़ा

**रामपुर, अमृत विचार :** मिलक पुलिस ने नन्हे निवासी ग्राम निस्वी को चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

इसके अलावा सिविल लाइन पुलिस ने वारंटी गौरव सक्सेना निवासी इन्द्रप्रस्थ कालोनी को उसको घर से गिरफ्तार किया है। उसे भी अदालत में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। उधर पटवाई पुलिस ने छेड़खानी आरोपी सुधीर कुमार निवासी ग्राम लालपुर पट्टी खुर्द को उसके घर से गिरफ्तार किया। आरोपी को अदालत में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

**मंडी समिति में कराई सफाई :** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर संविदा, ठेके सफाई कर्मचारियों ने नवीन मंडी में सफाई कराई। सुबह छह बजे नवीन मंडी में चल रही सफाई का ईओ ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया कि सफाई में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# नोटिस के बाद भी प्रधान के खिलाफ नहीं हुई कार्रवाई

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार :** क्षेत्र के किशनपुर मौलागढ़ में विकास कार्यों में धांधली बरतने पर जिलाधिकारी ने स्वार के खंड विकास अधिकारी के माध्यम से ग्राम प्रधान को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण तलब किया था। शीघ्र स्पष्टीकरण न देने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई थी। लेकिन, ग्राम प्रधान द्वारा नोटिस का जवाब नहीं दिया गया है।

18 नवंबर को गांव के कुछ लोगों ने जिलाधिकारी को शपथ पत्र देकर विकास कार्यों में धांधली बरतने का आरोप लगाया था। मनरेगा समेत राज्य वित्त एवं 15वें वित्त में धांधली बरतने के मामले में जिलाधिकारी ने उपनिदेशक कृषि एवं अधिशासी अभियंता नलकूप खंड रामपुर को जांच अधिकारी नामित करते हुए स्थलीय निरीक्षण कर जांच आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। जिलाधिकारी के निर्देश पर दोनों अधिकारियों ने 22 दिसंबर को स्थलीय निरीक्षण किया था। इसमें मनरेगा और राज्य वित्त के कार्यों में धांधली पाई गई थी। शिकायतकर्ताओं ने मौके पर ही मनरेगा के कार्यों की जांच कराई। जांच में एक गूल के कार्य में काफी धांधली मिली। जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने धांधली बरतने पर ग्राम प्रधान इकबाल हुसैन समेत खंड विकास अधिकारी को कारण बताओ नोटिस दिया था। इसमें ग्राम पंचायत सचिव की भूमिका भी संदिग्ध बताई गई है। ग्राम प्रधान समेत सचिव बचाव के लिए लीपापोती में जुटे हैं। सूत्रों की मानें तो इस मामले में नोटिस का जवाब भेजा गया है। लेकिन जांच अधिकारी प्रधान के जवाब से संतुष्ट नहीं हैं।





ओम शान्ति हॉस्पिटल



डॉ. पुलकित अग्रवाल
M.B.B.S., D.L.O., D.N.B. (ENT)
(नाक, कान, गला, थायराइड व कैंसर रोग विशेषज्ञ)

रिसर्च इंस्टीट्यूट से नवीनतम टेक्नोलॉजी की विशेष ट्रेनिंग प्राप्त दूरबीन विधि द्वारा नाक, कान, गले के सभी ऑपरेशन में माहिर

● कान का बहना, कम सुनाई देना ● चक्कर आना ● सिर में दर्द ● नाक, कान, गले में चुभन या दर्द होना ● नाक बंद होना, सायनस की समस्या, नाक से खून आना, अत्याधिक छींक आना ● सोते समय खर्राटे आना ● आवाज का बैठ जाना ● मुंह न खुलना ● चेहरे पे दाग या दाने होना, आंखें व चेहरे का भारीपन होना ● खाना निगलने में दिक्कत, मुँह में छाले ● गले में गाँठें

नाक, कान व गले के ऑपरेशन जैसेः-

● कान के पर्दे में छेद ● नाक में टेढ़ी या बढ़ी हुई हड्डी ● गले में टांसिल ● मुँह में कैंसर ● गले में घेंघा या अन्य किसी तरह की गांठ ● लार ग्रंथि में पथरी से आई सूजन ● नाक अथवा जबड़े की टूटी हड्डी ● गले में मांस के कारण बैठी आवाज ● आँख में नासूर का बिना चीरे के ऑपरेशन

दूरबीन द्वारा आधुनिक विधि से कान के पर्दे का चीरा व टाँका रहित ऑपरेशन

मुंह से आंतों तक की दूरबीन विधि की आधुनिक जाँच (ENDOSCOPY CENTRE)



दिल्ली के डॉक्टरों द्वारा एलर्जी का जड़ से इलाज (Immunotherapy)



डॉ. प्रियांशी अग्रवाल
BDS, FDIP, MIDA
(दन्त रोग विशेषज्ञ व इम्प्लांटोलॉजिस्ट)

उपलब्ध सुविधायें

● दाँतों का डिजिटल X-Ray ● दाँतों की नस का इलाज (RCT) ● अत्याधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई (Ultrasonic Scaling) ● दाँतों के कलर की फिलिंग व चाँदी भरना ● फिक्स दाँत (Bridges) ● बत्तीसी बनाना (Complete Denture) ● बिना दर्द के दाँत निकालना ● लेजर द्वारा दाँत के कलर का मसाला भरना (Composite Filing) ● हड्डी में फिक्स दाँत लगाना (Dental Implant) ● टेढ़े-मंढ़े दाँतों का इलाज (Orthodontic Treatment) ● बच्चों के दाँतों की सभी बीमारियों का इलाज

विभाग :- ● नाक, कान, गला रोग ● दन्त रोग ● हड्डी व जोड़ रोग ● चर्म रोग ● जनरल फिजीशियन

24 घण्टे भर्ती एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

ओम शान्ति हॉस्पिटल
निकट बरेली कॉलेज मेन गेट, काली बाड़ी, बरेली
7500692860

### मतदान अवश्य करें

चलो बढ़ाएं विश्व में, लोकतंत्र का मान
निजी स्वार्थ सब त्यागकर, करें सभी मतदान
करें सभी मतदान, जरूरी है ये बेहद
अच्छे प्रतिनिधि हेतु प्रतीक्षारत है संसद
अपना मत अनिवार्य रूप से दे मतदाता
जागेंगे तब ही भारत के भाग्यविधाता



–योगेन्द्र वर्मा 'व्योम'

### एक नजर

#### सर्किट हाउस में बनाया एयर एंबुलेंस का स्टे प्वाइंट

मुरादाबाद, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के पहले चरण में प्रदेश की आठ लोकसभा सीटों पर मतदान होगा। मतदान वाले दिन एयर एंबुलेंस भी मौजूद रहेंगी। मुरादाबाद में एयर एंबुलेंस का स्टे प्वाइंट है। एक एयर एंबुलेंस को मुरादाबाद सर्किट हाउस में उतारा गया है। इसे जरूरत पड़ने पर किसी भी क्षेत्र में भेजा जा सकेगा। लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए शुक्रवार को मुरादाबाद, रामपुर, बिजनौर, नगीना, सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर और पीलीभीत में चुनाव होंगे। मतदान के दौरान इमरजेंसी में इन आठ लोकसभा क्षेत्रों में कहीं भी जरूरत पड़ी तो यह एयर एंबुलेंस तत्काल पहुंचेगी।

#### चुनाव के चलते आज रहेगा सार्वजनिक अवकाश

मुरादाबाद, अमृत विचार : जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने प्रदेश के अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन के आदेश के क्रम में लोकसभा चुनाव में मतदान के दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। उन्होंने बताया कि 19 अप्रैल को मतदान के चलते सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। सार्वजनिक अवकाश के चलते जिले के कोषागार तथा उप कोषागार भी बंद रहेंगे।

#### मुरादाबाद सीट पर ये प्रत्याशी हैं मैदान में

मुरादाबाद अमृत विचार : मुरादाबाद लोकसभा सीट से 12 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। जिसमें भाजपा के कुंवर सर्वेश कुमार सिंह, सपा की रुचि वीरा, बसपा के मोहम्मद इरफान सैफी के अलावा अपना हक पार्टी के अजय यादव, भारतीय बहुजन समता पार्टी के ओंकार सिंह, राष्ट्रीय कांग्रेस (जे) पार्टी के गंगाराम शर्मा, समता पार्टी के शकील अहमद, सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर आफ इंडिया (कम्युनिस्ट) के हरकिशोर के अलावा निर्दलीय अमरजीत सिंह, मोहम्मद जमशेद, मुशर्रत हुसैन, साधना सिंह शामिल हैं।



बुद्धि विहार में चुनाव ड्यूटी पर रवाना होने से पहले ईवीएम चेक करते मतदान कार्मिक। ● अमृत विचार



ईवीएम व निर्वाचन सामग्री लेकर चुनाव ड्यूटी के लिए रवाना होते मतदान कार्मिक। ● अमृत विचार

# लोकतंत्र का फर्ज निभाने बूथों पर पहुंचे मतदान कर्मी

## जिला प्रशासन व पुलिस अधिकारियों ने कार्मिकों को दिए निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से मतदान कराने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** मुरादाबाद लोकसभा सीट पर शुक्रवार को 20, 56, 514 मतदाता ईवीएम का बटन दबाकर अपना सांसद चुनने के लिए बूथों पर मतदान करेंगे। गुरुवार को बुद्धि विहार के मैदान से पोलिंग पार्टियों की रवानगी हुई। कड़ी सुरक्षा के बीच ईवीएम लेकर मतदान कार्मिक बूथों पर शाम को पहुंचकर मतदान की तैयारियों में जुट गए। जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेंद्र सिंह ने पोलिंग पार्टियों को रवानगी से पहले मतदान की बारीकियां बताकर निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण मतदान करने के लिए अपना कर्तव्य पूरी निष्ठा, ईमानदारी से निभाने का संकल्प दिलाया। लोकसभा क्षेत्र की पांच विधानसभाओं के 20, 56, 514 मतदाता शामिल हैं।

सुबह 10 बजे ही रवानगी स्थल पर मतदान कार्मिक पंडाल में बने काउंटरों पर पहुंच गए। वहां उपस्थित अधिकारियों ने उन्हें माइक से निर्देश देकर संबंधित काउंटर से मिल रही सामग्री को लेकर उसे चेक करने, ईवीएम के लॉक आदि देखकर रखने का निर्देश दिया।

तपती धूप में पंडाल में पसीने से तर-बतर कार्मिकों ने अपने संबंधित काउंटर पर से मतदान सामग्री और ईवीएम व वीवीपैट हासिल किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेंद्र सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना, अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चंद, अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव सहित अन्य अधिकारियों ने पोलिंग पार्टियों को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व पारदर्शिता से मतदान कराने, किसी के प्रलोभन में न आकर अपने लोकतांत्रिक कर्तव्य का ईमानदारी, निष्ठा से निभाने का संकल्प दिलाया। निर्वाचन आयोग की गाइडलाइंस के अनुसार मतदान कराना है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 1728 बूथों पर 19 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे।

**टोल फ्री नंबर 1950 पर करें शिकायत** : जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने निर्वाचन कार्यालय के डिस्ट्रिक्ट कान्टेक्ट सेन्टर में स्थापित कंट्रोल रूम में आ रही शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने का निर्देश दिया है। टोल फ्री नंबर 1950 पर की गई शिकायतों का निस्तारण भौतिक सत्यापन के बाद किया जा रहा है।



मतदान कार्मिकों को पंडाल से बस में जाने के लिए निर्देश देतीं एडीएम सिटी ज्योति सिंह।



पोलिंग पार्टियों के साथ मतदेय स्थलों के लिए रवाना होते सुरक्षाबल के जवान। ● अमृत विचार

### मुरादाबाद लोकसभा क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या

| | |
|---|---|
| कुल मतदाता | 20,56,514 |
| पुरुष मतदाता | 10,92,002 |
| महिला मतदाता | 9,64,425 |
| अन्य मतदाता | 87 |
| मतदान | 19 अप्रैल |
| मतगणना | 4 जून |

### गर्मी में बरतें सतर्कता

मुरादाबाद, अमृत विचार : गर्मी में हो रहे लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को भी सतर्क रहने की सलाह जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेंद्र सिंह व जिला आपदा प्रबंध प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सत्यम मिश्र ने दी है। उन्होंने मतदाताओं को सलाह देते हुए कहा है कि वह भीषण गर्मी और लू में मतदान के दिन विशेष सतर्कता बरतें।

### मुरादाबाद लोकसभा क्षेत्र के अन्तर्गत विधानसभावार पुरुष एवं महिला मतदाताओं की संख्या

| विधानसभा क्षेत्र | पुरुष मतदाता | महिला मतदाता | अन्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| मुरादाबाद नगर | 2,83,709 | 2,53,020 | 48 | 5,36,777 |
| मुरादाबाद ग्रामीण | 2,06,586 | 1,84,773 | 12 | 3,91,371 |
| कांठ | 2,07,876 | 1,83,240 | 12 | 3,91,128 |
| ठाकुरद्वारा | 2,01,050 | 1,76,272 | 1 | 3,77,323 |
| बढ़ापुर | 1,92,781 | 1,67,120 | 14 | 3,59,915 |
| योग | 10,92,002 | 9,64,425 | 87 | 20,56,514 |

### यह बरतें सावधानी

☞ वृद्ध, शारीरिक रूप से कमजोर, गर्भवती महिलाएं सुबह के समय अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

☞ हल्के रंग व पूरी आस्तीन के सूती कपड़े पहनें।

☞ तरल पेय पदार्थों का सेवन करते रहें।

☞ मतदेय स्थल तक जाने के लिए छाता, टोपी, गमछा, दुपट्टे आदि का प्रयोग करें, सिर ढक कर निकलें।

☞ छोटे बच्चों को लेकर मतदान करने न आएं, धूप व लू से उनको समस्या हो सकती है।

☞ कतार में खड़े बुजुर्ग, शारीरिक रूप से अति कमजोर व गर्भवती महिलाओं को मतदान करने में प्राथमिकता दें।

☞ मतदान स्थल पर यदि कोई व्यक्ति लू व डायरिया से प्रभावित होता है तो बीएलओ से ओआरएस का पैकेट लेकर प्रभावित व्यक्ति को दें।

### पांच विस क्षेत्रों के 2056514 मतदाता आज डालेंगे वोट

मुरादाबाद, अमृत विचार : मुरादाबाद जिले में यूं तो छह विधानसभा सीटें हैं। लेकिन, इसमें से दो कुंदरकी व बिलारी संभल लोकसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आती हैं। जबकि बिजनौर जिले की बढ़ापुर विधानसभा सीट मुरादाबाद लोकसभा क्षेत्र में शामिल हैं। मुरादाबाद लोकसभा सीट पर पहले चरण में 19 अप्रैल को 20,56,514 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिसमें 10,92,002 पुरुष, 9,64,425 महिला और 87 अन्य मतदाता शामिल हैं।

---

## मतदाता पहचान पत्र न होने पर इन विकल्पों से भी डाल सकते हैं वोट

कार्यालय संवाददाता मुरादाबाद

- मतदाताओं को दिए आधार कार्ड मनरेगा जॉब कार्ड समेत 12 विकल्प

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए जिन मतदाताओं के पास मतदाता पहचान पत्र नहीं है उनके लिए केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने कई विकल्प जारी किया है। इसमें आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड समेत 12 विकल्प शामिल हैं।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी गुलाब चंद ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार लोकसभा चुनाव में मतदाता पहचान पत्र प्रमुख है। लेकिन, जिसके पास मतदाता फोटो पहचान पत्र नहीं है उसके विकल्प के रूप में भी पहचान सिद्ध करने के लिए कई दस्तावेज मान्य किए हैं। जिसमें आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैनकार्ड, एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गये स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गये फोटोयुक्त सेवा पहचान-पत्र, सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गये सरकारी पहचान पत्र और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के दस्तावेज मान्य होंगे।

## अखिलेश के आने से समीकरण बदले-बदले से

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**लोस चुनाव**

- भाजपा खेमे में बस मोदी-योगी का सहारा
- मतदाताओं को केवल मोदी की गारंटी दिखाई

**अमृत विचारः** भोजपुर में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की बुधवार को हुई जनसभा ने माहौल बदला है। अपनों को एकजुट कर भाजपा के खिलाफ आक्रामक होने की अखिलेश की नसीहत के बाद सपा चुनावी लड़ाई में तेज हो गई है। मुरादाबाद में 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा प्रत्याशी डॉ. एसटी हसन ने एक लाख से अधिक वोटों से जीत हासिल कर भाजपा के प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह को हराया था। हालांकि तब सपा व बसपा का गठबंधन था और इस बार यह दोनों आमने-सामने हैं।

लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में मुरादाबाद लोकसभा सीट पर आज को मतदान होगा। इस मतदान से पहले की रात कयामत की रात है। इस रात के समीकरण चुनाव परिणाम चौंकाने वाले दे सकते हैं। भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह की बीमारी को लेकर मतदाताओं में भी चर्चा तेज हो चली है। तो वहीं राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में सपा प्रत्याशी रुचि वीरा ने अपने समर्थकों को सहेजने के लिए जो आक्रामक रुख दिखाकर पुलिस प्रशासन पर हमला बोला उसके बाद से उनके समर्थकों और पार्टी के नेताओं को जोश से भर दिया। हालांकि अखिलेश के न आने से लोगों को निराशा हुई थी।

मतदान से ठीक दो दिन पहले आकर भोजपुर में जनसभा कर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा व उसके नेताओं पर शब्दों के बाण छोड़कर पीडीए गठबंधन के प्रत्याशियों को जिताने की अपील की। मंच से उन्होंने आपसी एकजुटता दिखाकर भाजपा की तानाशाही सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान जनता से कर माहौल को बदल दिया। अखिलेश के आने के बाद सपा के नेता फील्ड में उतर कर धुआंधार प्रचार में जुट गए।

जनसंपर्क के आखिरी दिन सपाइयों ने महानगर के मुस्लिम बाहुल्य इलाकों के अलावा हिंदू बाहुल्य मोहल्लों में भी डेरा डालकर उन्हें फिर से अपना आशीर्वाद सपा को देकर लोकतंत्र व संविधान को बचाने की अपील की। वहीं भाजपा खेमे में बस मोदी-योगी के नाम का सहारा है। योजनाओं के नाम पर मोदी की गारंटी गिनाई जा रही है। स्थानीय नेता के कार्य व उसकी उपस्थिति का कोई जिक्र कई बड़े नेताओं के कार्यक्रम में नदारद रहा। वहीं बसपा प्रत्याशी तो बसपा प्रमुख मायावती के मंच पर दिखने के अलावा महानगर में कहीं नहीं दिखे। यही नहीं भितरखाने बसपा के पदाधिकारी भी अपनी पार्टी के प्रत्याशी के रवैए की आलोचना करते रहे। मंडल स्तर के एक पदाधिकारी भी पूरे चुनाव के दौरान अपने प्रत्याशी के रवैये से खफा रहे। इसलिए उन्होंने अधिक समय बिजनौर, रामपुर में ही दिया। अब तो ईवीएम में किस प्रत्याशी के सामने वाला बटन अधिक दबेगा इसका फैसला तो 4 जून को ईवीएम का लॉक खुलने पर ही पता चलेगा, लेकिन सयाने मतदाताओं की खामोशी यदि रंग दिखाई तो फिर अप्रत्याशित परिणाम सामने आना तय है।

## प्रत्येक व्यक्ति मतदान को अपना धर्म समझकर वोट जरूर डाले

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**जागरूकता**

- धर्मगुरुओं ने जनपद के मतदाताओं से किया आह्वान
- मोहल्ले के लोगों को भी मतदान के लिए करें प्रोत्साहित

**अमृत विचारः** लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए जहां सामाजिक संगठन व जिला प्रशासन लोगों को मतदान के लिए प्रेरित कर रहे हैं। वहीं धर्मगुरु भी लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने को आगे आए हैं। धर्मगुरुओं ने लोकसभा चुनाव में जनपदवासियों से मतदान जरूर करने की अपील की है। साथ ही प्रत्येक नागरिक से अपने घर व मोहल्ले के लोगों को मतदान करने लिए प्रोत्साहित करने का संदेश दिया।

धर्मगुरुओं ने अपना जनप्रतिनिधि चुनने के लिए निष्पक्ष और निर्भीकता के साथ मतदान करने का आह्वान किया। देश की सरकार बनाने में प्रत्येक व्यक्ति की बराबर की भागीदारी होनी चाहिए। देश और धर्म से भी ऊपर है मतदान का अधिकार। देश सुरक्षित हाथों में रहेगा तभी धर्म को मानने वाले लोग भी शांति से रहेंगे।



‘ देश की सरकार बनाने में देश के प्रत्येक नागरिक महिला हो या पुरुष सभी अपने मत का दान अवश्य करें। 19 अप्रैल की सुबह घर के कामकाज बाद में करें, पहले मतदान कर देश के प्रति अपने फर्ज से मुक्त हो जाएं। मतदान करना अपना सबसे पहला फर्ज समझ कर मतदान करने अवश्य जाएं। – **सज्जन गिरी**, महंत, काली माता मंदिर



‘ देश में होने वाले लोकसभा चुनाव में हर मनुष्य को अपने मत का प्रयोग करना इसलिए जरूरी है, क्योंकि आपके एक वोट से देश की सरकार का निर्माण होना है। इसलिए शुक्रवार को हर नागरिक मतदान जरूर करे। ताकि एक अच्छी सरकार का निर्माण हो सके। – **पास्टर ब्रजेश मेंसल**, फिलिप्स मेमोरियल मेथोडिस्ट चर्च, पीलीकोठी



‘ युवाओं के लिए अपनी पसंद की सरकार चुनने के लिए यह सुनहरा मौका है। जिले के सभी मतदाता अपना कोई भी जरूरी काम हो उसे छोड़ दें पहले मतदान करें। देश के विकास के लिए सही सरकार चुनने के मौके को हाथ से न जाने दें। देश में सही सरकार का निर्माण होगा तभी देश तरक्की करेगा। – **स्वर्ण सिंह**, मुख्य ग्रंथी गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा, गोविंद सिंह चौक



‘ अपने वोट का सही इस्तेमाल करें। किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। अगर कोई अफवाह आती है तो उस पर ध्यान न दें। उसकी सूचना पुलिस व प्रशासन को दें। शांति बनाए रखें। सबसे पहले मतदान करें। वोट जरूर डाले। – **मुफ्ती सैय्यद फहद अली**, नायब शहर इमाम

---

**लोस चुनाव** 2019 के चुनाव में मंडल की छह में से तीन पर सपा तो तीन सीटों पर चिंघाड़ा था बसपा का हाथी

# 400 पार का संकल्प साधने को मंडल की सीटों पर जीत की चुनौती

विनोद श्रीवास्तव, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** 2019 का लोकसभा चुनाव पूरे मंडल में भारतीय जनता पार्टी के लिए अंगूर खट्टे वाली स्थिति की रही। मंडल की छह में से एक भी सीट पर पार्टी के दिग्गज और उनके प्रत्याशी मतदाताओं को लुभाकर अपनी सीट नहीं जिता पाए थे। तीन पर सपा की साइकिल चली थी तो तीन सीटों पर हाथी की चिंघाड़ से नीला झंडा लहराया था। इस बार यदि भाजपा प्रदेश में 80 और देश में 400 पार सीटें जीतने के संकल्प को साधना चाहती है तो उसे मंडल की सीटों पर कमल खिलाना ही होगा।

### मंडल की लोकसभा सीटों पर 2019 के चुनाव में यह थी जीते हुए उम्मीदवारों की स्थिति

| लोकसभा सीट | जीते प्रत्याशी | दल |
|---|---|---|
| मुरादाबाद | डा. एसटी हसन | सपा |
| रामपुर | आजम खां | सपा |
| संभल | डा. शफीकुर्रहमान बर्क (अब दिवंगत) | सपा |
| अमरोहा | कुंवर दानिश अली | बसपा |
| बिजनौर | मलूक नागर | बसपा |
| नगीना (सुरक्षित) | गिरीश चंद्र | बसपा |

### उप चुनाव में जीती थी भाजपा

रामपुर में आजम खां के इस्तीफे के बाद 2022 में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा के घनश्याम लोधी ने यह सीट सपा से छीनकर जीत दर्ज की थी। इस बार फिर भाजपा ने घनश्याम लोधी जो वर्तमान में सांसद हैं को अपना उम्मीदवार बनाया है।

### मंडल की सीटों पर मतदान की तारीख

☞ प्रथम चरण– मुरादाबाद, रामपुर, बिजनौर – 19 अप्रैल

☞ द्वितीय चरण– अमरोहा– 26 अप्रैल

☞ तृतीय चरण– संभल– 7 मई

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद मंडल में भारतीय जनता पार्टी के लिए जीत की चुनौती अभी भी बड़ी है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश की पिछली दफा हारी 14 सीटों में से छह तो मुरादाबाद मंडल की थीं। जिस पर 2019 के लोकसभा चुनाव में कमल नहीं खिल पाया था। इसमें सपा-बसपा गठबंधन का प्रभाव भी काफी हद तक मायने रखा था। इस गठबंधन के चलते सपा-बसपा ने मिलकर मंडल की सभी 6 सीटें हथिया ली थीं। जिसमें तीन मुरादाबाद,

**हार-जीत**

- भाजपा ने प्रदेश की सभी 80 सीटों को जीतने का रखा है लक्ष्य
- पश्चिम उत्तर प्रदेश में 2019 के चुनाव में 14 सीटें हारी थी भाजपा

रामपुर, संभल सपा ने जीती तो बसपा ने अमरोहा, बिजनौर और नगीना (सुरक्षित) सीट जीतकर अपने प्रत्याशियों को लोकसभा पहुंचाने में सफलता पाई थी। इस बार भाजपा के लिए यह चुनाव प्रतिष्ठा का सवाल है।

क्योंकि 80 का आधार, भाजपा अबकी बार 400 पार का संकल्प तभी साकार होगा जब मंडल में भाजपा के प्रत्याशी जीतकर कमल खिलाएंगे।

### संवेदनशील बूथों पर तीसरी आंख की नजर

मुरादाबाद, अमृत विचारः जिले में 19 अप्रैल को पहले चरण में वोट डाले जाएंगे। इसमें संवेदनशील, अति संवेदनशील बूथों पर प्रशासन की नजर है। 921 बूथों की वेब कास्टिंग प्रशासन की ओर से कराया जाएगा।

शांतिपूर्ण, निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है। 921 बूथों की वेब कास्टिंग कराई जाएगी। इन बूथों पर सीसीटीवी कैमरे से रिकार्डिंग होगी। जिसकी मानीटरिंग कंट्रोल रूम से की जाएगी। निर्वाचन आयोग से आए प्रेक्षकों की भी इन संवेदनशील व अतिसंवेदनशील बूथों पर नजर है। प्रेक्षक भी इन बूथों का निरीक्षण कर सुरक्षा इंतजाम करा रहे हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेंद्र सिंह ने बताया कि 921 बूथों पर वेब कास्टिंग होगी। मतदान से जुड़े अधिकारियों व कर्मचारियों को अपनी ड्यूटी पारदर्शिता से निभाने के निर्देश दिए।

## एक नजर

### आटा चक्की से हाथ कटने से युवक गंभीर

बुरावली, अमृत विचार : रहरा थाना क्षेत्र के गांव गंगवार निवासी तनवीर पुत्र मेहंदी ने गांव में ही प्रथमा बैंक के सामने आटा चक्की लगा रखी है। गुरुवार को तनवीर सुबह आटा पीस रहा था। अचानक चक्की से बेल्ट उतर गई, तो तनवीर चक्की पर बेल्ट चढ़ाने लगा। अचानक चक्की में तनवीर का हाथ आ गया। जिससे तनवीर का एक हाथ कट गया। आननफानन लोगों ने घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

### शस्त्र लाइसेंस निरस्तीकरण के लिए डीएम को भेजी रिपोर्ट

अमरोहा, अमृत विचार : पुलिस ने शस्त्रों का दुरुपयोग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। गुरुवार को पुलिस ने 114 शस्त्र धारकों के खिलाफ निरस्तीकरण की कार्रवाई के लिए रिपोर्ट जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी को भेजी है। आचार संहिता लगते ही सभी शस्त्र लाइसेंस धारकों को शस्त्र जमा करने के लिए नोटिस जारी किए थे। मगर इसके बाद भी शस्त्र धारकों ने लाइसेंसी शस्त्रों को जमा नहीं किया।

### 24 अपराधियों के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्रवाई

अमरोहा, अमृत विचार : पुलिस ने 24 अपराधियों के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के निर्देश पर जिले भर में चलाए अभियान के दौरान पुलिस ने 24 अपराधियों के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्रवाई कर उनके चालान किए हैं।

### डॉ. सिराजउद्दीन बने कांग्रेस के लोस क्षेत्र प्रभारी

अमरोहा, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने प्रदेश कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के



चेयरमैन जियाराम वर्मा की संस्तुति पर लोकसभा चुनाव को लेकर हकीम डॉ. सिराजउद्दीन हाशमी को पार्टी का अमरोहा लोकसभा क्षेत्र का प्रभारी नियुक्त किया है। उनके साथ डॉ. अहमद मुर्तजा को सह प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी कुंवर दानिश अली चुनाव लड़ रहे हैं। डॉ. सिराजउद्दीन हाशमी प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव एवं पीसीसी सदस्य रहे हैं।

### जयमाला के समय दुल्हन की तबियत बिगड़ी

हसनपुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव में जयमाला के समय दुल्हन की हालत बिगड़ने से अफरातफरी मच गई। दुल्हन को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया है। जहां उसकी हालत सही बताई जा रही है। बुधवार रात कोतवाली क्षेत्र के गांव में बरात थाना गजरौला के गांव से आई थी। चढ़त के बाद जयमाला की तैयारी चल रही थी। दूल्हा और दुल्हन मंच पर खड़े थे, तभी दुल्हन को दौड़ा पड़ गया और उसकी हालत बिगड़ गई। दुल्हन की हालत खराब होने से कार्यक्रम में अफरातफरी का माहौल हो गया। दुल्हन को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। जहां उसका उपचार चल रहा है। इसके बाद बरात लौट गई और दूल्हा और उसके परिजन रुके हुए हैं। बताया कि दुल्हन की हालत सही होने के बाद वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न किए जाएंगे।

## मौत से कोई नहीं बच सकता : मौलाना कमाल

सैदनगली, अमृत विचार : मुहल्ला सादात के इमामबारगाह बाबुल हवाइज में मरहूम करार हुसैन बाकरी की याद में मजलिस की महफिल सजी।

इसका आगाज डॉ. सैय्यद लईक हैदर बाकरी और हमनवा ने किया। मौलाना सैय्यद कमाल अब्बास रिजवी ने कहा कि अल्लाह ने कुरआन में कहा है कि हर नफ्स को मौत का जायका चखना है। हर जिंदा चीज को मौत आनी है। इंसान कितनी कोशिश कर ले, मौत से नहीं बच सकता। मौत हक है हर हाल में आएगी। अल्लाह ने सबकी मौत का समय मुकर्रर किया है। कुरआन में जहां जिंदगी का जिक्र है। उतनी ही जगह मौत का भी जिक्र है। निजामत मुहम्मद बिलाल बाकरी उझारवी ने की। मौलाना कंबर, मौलाना सरकार मेहंदी, जीशान हैदर, चमन हैदर, कमर हैदर, नूरुल हसन, जावेद केसर, बंदे हसन, हाजी अखलाक हुसैन, शाहिद अब्बास, रहीसुल अब्बास रहे।



मौलाना कमाल अब्बास।

## सुरक्षा को लेकर एडीजी पीसी मीना ने अधिकारियों के साथ की बैठक

# प्रधानमंत्री आज भाजपा कार्यकर्ताओं में भरेंगे जोश

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : भाजपा प्रत्याशी चौधरी कंवर सिंह तंवर के समर्थन में आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गजरौला में हाइवे किनारे मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। गुरुवार को एडीजी पीसी मीना और डीआईजी मुनिराज जी ने जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी व पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने निर्देश दिए कि पुलिसकर्मी पूरी सतर्कता के साथ ड्यूटी करें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

बता दें कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गजरौला के हाईवे स्थित हवेली होटल के सामने मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। जनसभा के लिए सारी व्यवस्था गुरुवार शाम तक पूरी हो गई। पंडाल को वाटरप्रूफ बनाया गया है। पंडाल में प्रकाश की व्यवस्था भी की गई है। वहीं पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के लिए पूरा प्लान तैयार कर लिया है। सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से अभेद रहेगी, पूरे क्षेत्र को नो फ्लाईंग जोन घोषित किया गया है। ड्रोन व पंतग आदि उड़ाना भी वर्जित रहेगा, कोई उल्लंघन करेगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। गुरुवार को एडीजी पीसी मीना और डीआईजी मुनिराज जी ने जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी व पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के साथ पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की ब्रीफिंग ली और अधिकारियों को उनके सुरक्षा ड्यूटी प्वाईंट बताकर समय से मुस्तैद रहने के निर्देश दिए। कहा कि सभी अधिकारी व कर्मचारी समय से पूर्व पहुंचकर अपनी डयूटी संभालें। पूरी सतर्कता के साथ काम करें। बता दें कि प्रधानमंत्री की सुरक्षा में जुटी एसपीजी ने भी बुधवार को पूर्वाभ्यास कर लिया था।



प्रधानमंत्री की जनसभा स्थल पर अधिकारियों के साथ बैठक करते एडीजी पीसी मीना।

### प्रधानमंत्री की सुरक्षा के कड़े इंतजाम

गजरौला, अमृत विचार : शुक्रवार को प्रधानमंत्री की चुनावी सभा हाईवे किनारे मैदान में होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी सभा को संबोधित करेंगे। चुनावी सभा के सुरक्षा को लेकर कड़े इंतजाम किए गए हैं। स्वास्थ्य सुविधाओं को भी प्रोटोकाल के तहत पूरा किया जा रहा है। चिकित्साधीक्षक डॉ. योगेंद्र सिंह के मुताबिक गजरौला सीएचसी में सेफ हाउस बनाया है। श्री वेंक्टेश्वरा यूनिवर्सिटी व अमरोहा जिला अस्पताल में भी सेफ हाउस बनाया है। इनमें चिकित्सकों की सात टीमों की ड्यूटी लगाई है। सुविधाओं से लेस छह एंबुलेंस भी मुस्तैद रहेंगी। तीन एंबुलेंस जनसभा स्थल पर ही तैनात रहेंगी। गजरौला सीएचसी व श्री वेंक्टेश्वरा यूनिवर्सिटी में भी एंबुलेंस मौजूद रहेंगी। सेफ हाउस में आक्सीजन के अलावा ईसीजी मशीन व सभी जीवन रक्षक दवाओं का इंतजाम किया है।

# चुनाव के प्रशिक्षण से 38 कर्मचारी अनुपस्थित

## गैरहाजिर रहने पर होगी कड़ी कार्रवाई, मतदानकर्मियों को 16 अप्रैल से दिया जा रहा है प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में मतदान कराने के लिए पीठासीन अधिकारी और मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। तीसरे दिन प्रशिक्षण से 38 कर्मचारी अनुपस्थित रहे।

मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्रा ने बताया कि लोकसभा चुनाव को शांति एवं निष्पक्ष कराने के लिए पीठासीन अधिकारी और मतदाता कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 16 अप्रैल से 21 अप्रैल तक दी जा रही ट्रेनिंग के तीसरे दिन 38 कर्मचारी ट्रेनिंग में नहीं पहुंचे। इसकी संबंधित कर्मचारियों ने सूचना भी नहीं दी। कर्मचारियों के खिलाफ जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार त्यागी द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी। उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की कार्रवाई भी की जा सकती है।



कर्मचारियों को प्रशिक्षण देतीं जिला पंचायत राज अधिकारी पारुल सिसौदिया।

- 21 अप्रैल तक चलेगा मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण, गैरहाजिर कर्मियों ने नहीं बताया कारण

### मतदान स्थल पर फोटो खींचने का दिया प्रशिक्षण

अमरोहा, अमृत विचार : मतदान स्थल का फोटो खींचने के लिए कर्मचारियों को जिला पंचायत राज अधिकारी के नेतृत्व में प्रशिक्षण दिया गया। गुरुवार को विकास भवन सभागार में जिला पंचायत राज अधिकारी पारुल सिसौदिया ने कर्मचारियों को मतदान स्थल पर फोटो खींचने का प्रशिक्षण दिया। इस संबंध में अपर जिला पंचायत राज अधिकारी विमल कुमार ने जानकारी दी है।

### चुनाव ड्यूटी में भेजी 35 बसें, यात्री परेशान

अमरोहा, अमृत विचार : चुनाव में पुलिस बल के लिए परिवहन निगम ने 35 बसों को भेज दिया है। गुरुवार को अमरोहा डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक मोहम्मद शफी ने बताया कि लोकसभा चुनाव के लिए अमरोहा डिपो से रोडवेज की 35 बसों को भेजा गया है। रोडवेज में बसों की कमी से यात्रियों की मंजिल दूर हो गई है।

### अमरोहा लोकसभा की पांच विधानसभा क्षेत्रों में बनेंगे महिला बूथ

अमरोहा, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में महिलाओं का मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए पांच विधानसभा क्षेत्रों में महिला बूथ बनाने का निर्णय जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा लिया गया है। मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्रा ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोकसभा चुनाव में महिला मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए लोकसभा क्षेत्र के पांच विधानसभा में महिला बूथ बनाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि धनौरा विधानसभा के राष्ट्रीय इंटर कॉलेज में, नौगांवा सादात विधानसभा क्षेत्र में फातिमा गर्ल्स स्कूल में, अमरोहा विधानसभा क्षेत्र में एडब्लू फैजे आम इंटर कॉलेज, हसनपुर में गर्ल्स इंटर कॉलेज और गढ़मुक्तेश्वर में कमलावती मदन लाल सरस्वती विद्या मंदिर में महिला बूथ बनेगा।

## डीजे पर डांस को लेकर मारपीट, तीन घायल

हसनपुर, अमृत विचार : बरात के दौरान डीजे पर डांस करने को लेकर बरातियों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। मारपीट में तीन लोग घायल हो गए। घायलों ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव भैंसरौली निवासी अंकित की बरात बुधवार दोपहर को थाना सैदनगली के गांव सोहत गई थी। चढ़त के बाद डीजे पर बराती डांस कर रहे थे। इस दौरान किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई और मारपीट होने लगी। कुछ लोगों द्वारा दोनों पक्षों में समझौता कर दिया गया और बरात लौटकर गांव आ गई। गांव में देर रात फिर मारपीट हो गई। मारपीट में गौरव, पंकज एवं कोशिंदर घायल हो गए। तीनों घायल परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि मारपीट की तहरीर प्राप्त हुई है। जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

# भाजपा प्रत्याशी ने विकास के नाम पर मांगे वोट

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : होटल रीगल 77 में भाजपा के प्रत्याशी चौधरी कंवर सिंह तंवर के समर्थन में एक सर्व समाज सम्मेलन हुआ। जिसमें सभी वर्गों, समुदायों, विभिन्न समाजों एवं शहर की सामाजिक धार्मिक व्यापारिक संस्थाओं के लोगों ने भाग लिया। सर्व समाज सम्मेलन में सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग एवं महिलाएं भी शामिल रहीं।

कार्यक्रम का आरंभ भारत माता के चित्र के आगे दीप प्रज्वलित कर किया। प्रत्याशी चौधरी कंवर सिंह तंवर ने कहा कि इस क्षेत्र के लिए कोई नया व्यक्ति नहीं हूं। 2014 से लोगों की लगातार सेवा में लगा हुआ हूं। उन्होंने विकास के नाम पर वोट मांगे। इस मौके पर एमएलसी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष सतपाल सिंह सैनी, जिलाध्यक्ष उदय गिरी गोस्वामी, जिला प्रभारी सत्यपाल सिंह पाल, लोकसभा प्रभारी राजीव सिसोदिया, लोकसभा संयोजक ब्रजेश चौधरी, लोकसभा सह संयोजक डॉ. ऋषिपाल नागर, धनौरा विधायक राजीव तरारा, पूर्व विधायक संगीता चौहान, ब्लॉक प्रमुख गुरेन्द्र सिंह ढिल्लो, नगर पालिका चेयरमैन शशि जैन, भाजपा नगर अध्यक्ष प्रेम सिंह सैनी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम संयोजक अंकित बंसल रहे और संचालन कुंवर विनीत अग्रवाल ने किया।



अमरोहा में कार्यक्रम में बोलते भाजपा उम्मीदवार चौधरी कंवर सिंह तंवर।

**आयोजन**

- भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में हुआ सर्व समाज सम्मेलन
- सम्मेलन में केंद्र सरकार की उपलब्धियां बताकरसमर्थन मांगा

## बस की साइड लगने से दो लोग घायल

गजरौला, अमृत विचार : रोडवेज बस की साइड लगने से बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक घायल को गंभीर हालत में प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया है।

मंडी धनौरा थाना क्षेत्र के मोहल्ला सुभाषनगर निवासी जितेंद्र सिंह और योगेश कुमार गुरुवार सुबह बाइक से हापुड़ जा रहे थे। रास्ते में नेशनल हाइवे पर गांव शहबाजपुर डोर के पास ओवरटेक करते समय रोडवेज बस ने उनकी बाइक में साइड मार दी। हादसे में बाइक सवार दोनों लोग घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना पर परिजन भी पहुंच गए। योगेश की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



गजरौला में कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं। ● अमृत विचार

# महिलाओं ने डांडिया कर मनाई नवमी

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : अग्रवाल सभा महिला शाखा के संयोजन में श्रीराम नवमी पर गुरुवार को डांडिया किया गया। इसमें महिलाओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम शहर की बस्ती स्थित अग्रवाल धर्मशाला में हुआ। इस दौरान अध्यक्ष विनीता गर्ग, उपाध्यक्ष राजबाला, मिलन बंसल, उपप्रबंधक पूनम गोयल, रचना अजय सिंघल, गीता गोयल, ऋषिबाला, रश्मि सिंघल, प्रीति मित्तल, दीप्ति जैन, भारती सिंघल, रीना बंसल, रचना सिंघल, शिवांगी, यशोदा मित्तल, प्रिया सिंघल, रजनी अग्रवाल, अर्चना गोयल, शिखा सिंघल, ज्योति सिंघल, प्रियंका सिंघल, गरिमा बंसल, अंजली सिंघल, श्वेता बंसल, मानसी अग्रवाल, कंचन बंसल, वंदना, रेखा जिंदल, खुशी गर्ग, अलका गर्ग, सरिता जैन, राधिका शर्मा आदि संगठन पदाधिकारी मौजूद रहीं।

# युवाओं को नहीं मिल रहा रोजगार: अजय राय

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : अमरोहा लोकसभा क्षेत्र से इंडी गठबंधन की बैठक गुरुवार को शहर के होटल में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष मस्तराम यादव ने की और संचालन कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया ने किया।

बैठक में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं प्रदेश के सह-प्रभारी प्रदीप नरवाल रहे। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा की 20 अप्रैल को इंडी गठबंधन की होने वाली संयुक्त रैली को सफल बनाने के लिए इंडी गठबंधन के सभी साथी पूरी मेहनत के साथ लग जाएं। सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता एकजुट होकर अपने-अपने क्षेत्र और इलाके के बूथ पर चुनावी रणनीति बनाएं। अपने-अपने क्षेत्र के बूथों को जिताने की जिम्मेदारी लें। मोदी की सरकार में युवाओं को रोजगार नहीं मिला है। महंगाई बढ़ी है, कानून व्यवस्था ध्वस्त हुई। भ्रष्टाचार का बोलबाला है। उत्तर प्रदेश में छुट्टा पशुओं की समस्या है। किसानों के गन्ने के रेट सरकार ने नहीं बढ़ाए। मोदी की सरकार किसान विरोधी है। इंडी गठबंधन भारत के किसानों की नौजवानों की आवाज है। बैठक में पूर्व एमएलसी परवेज अली, शहर अध्यक्ष फैज आलम रायनी, सुशांत गोयल, विदित चौधरी रिजवान कुरैशी, अनिश, विशाल,आसिम साबरी, सुखराज चौधरी,अनिल, मनोज कटारिया, हरस्वरूप प्रधान आदि मौजूद रहे।



गजरौला में बैठक में बोलते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय। ● अमृत विचार

- इंडी गठबंधन की बैठक में केंद्र सरकार पर साधा निशाना

## सार संक्षेप

### भाजपाइयों ने प्रधानमंत्री की सभा के लिए किया संपर्क

मुबारिजपुर, अमृत विचार : ब्लाक गंगेश्वरी क्षेत्र के खाजेपुर, सलारा, मरौरा, मुबारिजपुर, देहरी खादर, खरपड़ी, करनपुर आदि गांवों में भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष शिवकुमार खड़गवंशी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा में लोगों से पहुंचने की अपील की। कहा कि नरेंद्र मोदी शुक्रवार को जनपद गजरौला के हाईवे किनारे जनसभा को संबोधित करेंगे। जनसभा के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूरी ताकत झोंक दी है। भाजपाई गांव-गांव में लोगों से संपर्क कर रहे हैं।

### ग्राम प्रधान सहित चार लोगों को जुआ खेलते पकड़ा

रहरा, अमृत विचार : आदमपुर क्षेत्र में पुलिस ने जुआ खेलते हुए ग्राम प्रधान सहित चार लोगों को पकड़ लिया। पुलिस ने फड़ से नकदी तथा ताश बरामद किए हैं। सूचना पर उप निरीक्षक राम प्रकाश टीम के साथ मौके पर पहुंचे, तो जुआ खेल रहे लोग भागने लगे। पुलिस ने भाग रहे जुआरियों को पकड़ लिया। पुलिस ने फड़ से 1710 रुपये व ताश तथा तलाशी में पांचों आरोपियों से 440 रुपये बरामद किए। पूछताछ में इनकी पहचान नासिर पुत्र मंजूर अहमद निवासी पंजू सराय संभल, उत्तम कुमार पुत्र नरेश कुमार गांव शीतला सराय, तीरथ पुत्र हरि सिंह गांव सकतपुर करनपुर, अरुण यादव पुत्र धीरेन्द्र गांव सौधन जनपद संभल, ग्राम प्रधान लालमन पुत्र शंकर सिंह गांव सिकंदराबाद के रुप में हुई। पुलिस ने नगदी व ताश जब्त करते हुए सभी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।



अमरोहा में वाहन चेक करती पुलिस। ● अमृत विचार

### पुलिस ने 378 वाहनों के किए चालान

अमरोहा, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस सतर्क है। इस दौरान जिले में वाहन चेकिंग अभियान के दौरान 24 घंटे में पुलिस ने 378 वाहनों के चालान किए। जिले में यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहनों के खिलाफ अभियान चल रहा है। वाहनों की चेकिंग भी की जा रही है।



मंडी धनौरा में मार्च करते पुलिस व अर्द्ध सैनिक बल के जवान। ● अमृत विचार

### पुलिस ने पैदल मार्च कर दिलाया भरोसा

मंडी धनौरा, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष कराने के लिए मंडी धनौरा पुलिस ने केंद्रीय बलों के साथ पैदल मार्च कर लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया। संवेदनशील मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर निर्भीक होकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। इस दौरान लोगों से वार्ता कर सुरक्षा का एहसास कराया गया।

### चेयरमैन ने किया पालिका कार्यालय का निरीक्षण

हसनपुर, अमृत विचार : नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राजपाल सैनी ने गुरुवार को नगर पालिका कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रिकार्डों की स्थिति देखी और पालिका कर्मचारियों से उनके काम के बारे में भी पूछताछ की। कर्मचारियों से कहा कि सभी कर्मचारी अपने पटल पर नियमित रूप से मौजूद रहें। कार्यों का निपटारा प्राथमिकता के आधार पर करें। चेयरमैन ने बाबू करन सिंह से जानकारी की। उन्होंने ने कहा कि जन शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर होना चाहिए।



कार्यक्रम में बोलते ब्लाक प्रमुख राजेंद्र सिंह व अन्य। ● अमृत विचार

### सुलोचना सती का मंचन देख भावविभोर हुए दर्शक

रहरा, अमृत विचार : ब्लाक गंगेश्वरी क्षेत्र के चचौरा दढ़ियाल बनखंडी धाम में श्री रामलीला मैदान में ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र सिंह ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम को भारत में नहीं बल्कि देश-विदेश में भी पूजा जाता है। इसके उपरांत कलाकारों ने सुलोचना सती का मंचन किया। जिसको देखकर दर्शक भावुक हो गए। इस मौके पर सुभाष शर्मा, प्रवेश कुमार, श्याम सुंदर शर्मा, महेश ठाकुर, कुलदीप, अजय कुमार रहे।



मंडी धनौरा में हवन में आहुति देते भक्त। ● अमृत विचार

### श्रीराम प्रकटोत्सव के समापन पर हवन-भंडारा

मंडी धनौरा, अमृत विचार : श्रीराम प्रकटोत्सव कार्यक्रम का गुरुवार को हवन व भंडारे के साथ समापन हो गया। श्रद्धालुओं ने परिवार व सभी के लिए सुख समृद्धि की प्रार्थना की। श्रीराम जानकी भक्त मंडल के तत्वावधान में राम जानकी मंदिर बाला जी धाम में चल रहे श्रीराम प्रकटोत्सव कार्यक्रम के अंतिम दिन हवन किया गया। इसके पश्चात भंडारे का आयोजन किया। इस मौके पर कुसुम लता गोयल, राहुल अग्रवाल, अक्षय अग्रवाल, वैभव अग्रवाल, नवीन दीक्षित, पारस सिंगल संजीव दीक्षित, छत्रपाल सिंह, हर्ष भटनागर, गौरव अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### हाइवे पर ओवरब्रिज के नीचे मिला वृद्ध का शव

गजरौला, अमृत विचार : हाइवे पर ओवरब्रिज के नीचे वृद्ध का शव पड़ा मिलने से सनसनी फैल गई। शिनाख्त नहीं होने पर पुलिस ने शव को मोर्चरी के लिए भेज दिया है। शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है। गुरुवार दोपहर दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाइवे पर गांव मोहम्मदाबाद के पास ओवरब्रिज के नीचे वृद्ध का शव पड़ा मिला। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। मौजूद लोगों के मुताबिक वृद्ध क्षेत्र में लोगों की मदद से गुजारा करता था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त करवाने का प्रयास किया। लेकिन कोई कामयाबी नहीं मिली। बुजुर्ग की नाक से खून भी निकल रहा था। कुछ लोगों ने वृद्ध की हत्या किए जाने का अंदेशा भी जताया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि शव को मोर्चरी के लिए भेज दिया गया है। शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही साफ होगा। उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### सट्टा लगाते दो लोग गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र में पर्ची से सट्टा लगाते दो लोगों को गिरफ्तार कर पुलिस ने नकदी सहित अन्य सामान बरामद कर लिया है। कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला चौधरी सराय में मुशर्रफ कालोनी में मजार के पीछे खाली पड़े प्लाट में बुधवार देर रात दो लोगों के पर्ची से सट्टा लगाने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने चौधरी सराय निवासी सलीम व फैजान को हिरासत में ले लिया। तलाशी लेने पर पुलिस को सलीम व फैजान के पास से 2320 रुपये की नकदी, सट्टा पर्ची बरामद हुई।

### मारपीट के मामले में दो लोगों का चालान

**संभल/धनारी, अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र के गांव पीपलवाड़ा निवासी गौतम व गोपाल गुरुवार को किसी बात को लेकर भिड़ गए। दोनों के बीच गाली गलौज के साथ ही मारपीट हुई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने गोपाल व गौतम को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई कर दोनों का शांतिभंग में चालान कर दिया।

### भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी ने डिप्टी सीएम की मौजूदगी में भरा पर्चा, सपा प्रत्याशी जियाउर्रहमान बर्क जनप्रतिनिधियों के साथ पहुंचे

# सपा और भाजपा प्रत्याशियों समेत पांच ने दाखिल किये नामांकन पत्र

संवाददाता,बहजोई/संभल

**अमृत विचार:** कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नामांकन प्रक्रिया के चौथे दिन जहां सपा प्रत्याशी जियाउर्रहमान बर्क ने जनप्रतिनिधियों के साथ अपना नामांकन पत्र दाखिल। वहीं भाजपा के परमेश्वर लाल सैनी ने डिप्टी सीएम के केशव प्रसाद मौर्य के साथ पर्चा भरा। इनके अलावा तीन अन्य प्रत्याशियों ने भी अपने नामांकन पत्र दाखिल करते हुए चुनाव मैदान में ताल ठोकी।

कलेक्ट्रेट स्थित जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय नामांकन स्थल पर सबसे पहले समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी जियाऊर्ररमान वर्क संभल से दमखम के साथ जुलूस के साथ नामांकन स्थल पर पहुंचे । राज्यसभा सांसद जावेद अली खां, असमोली विधायक पिंकी यादव, बिलारी विधायक मोहम्मद फहीम, पूर्व मंत्री अकीलउर्ररमान खां के साथ नामांकन स्थल पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने नामांकन स्थल पहुंचकर जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके बाद भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री गुलाब देवी व तीन अन्य प्रस्तावों के साथ नामांकन दाखिल करने पहुंचे।

उन्होंने भी जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इनके अलावा निर्दलीय के तौर पर तौफीक अहमद, किसान क्रांति दल के संतोष, राष्ट्रीय कांग्रेस जे पार्टी के प्रत्याशी प्रेमपाल सिंह ने भी अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। कुल पांच प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।


नामांकन दाखिल करते भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी। साथ में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व अन्य। ● अमृत विचार


नामांकन पत्र दाखिल करने जाते सपा प्रत्याशी जियाउर्रहमान बर्क। साथ में सांसद जावेद अली खां, विधायक पिंकी यादव, विधायक फहीम खां व पूर्व मंत्री अकीलुर्रहमान खां।

### रोड शो से पहले ही नामांकन स्थल पर पहुंचे डिप्टी सीएम

**बहजोई, अमृत विचार :** डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य को पहले जनसभा को संबोधित करना था। फिर मिनी स्टेडियम से कलेक्ट्रेट तक रोड शो के जरिए भाजपाइयों के साथ आना था लेकिन उनके सवा घंटा देरी से आने से इन सारे मंसूबों पर पानी फिर गया। सवा दो बजे के लगभग डिप्टी सीएम चंदौसी से सीधे नामांकन स्थल पर पहुंचे। इसके बाद उन्होंने जनसभा को संबोधित किया। फिर रोड शो के जरिए भाजपाइयों में जोश भरा।

### सपा प्रत्याशी के साथ पहुंचा छठा व्यक्ति तो मचा हड़कंप

**बहजोई, अमृत विचार :** सपा प्रत्याशी जियाउर्रहमान बर्क के साथ राज्यसभा सांसद जावेद अली खान, असमोली विधायक पिंकी यादव, बिलारी विधायक मोहम्मद फहीम, सहित पांच लोग नामांकन स्थल पर नामांकन पत्र दाखिल करने जा रहे थे। अचानक रास्ते में एक छठा व्यक्ति पुलिस को दिखाई दिया तो उन्होंने उसे दौड़ा लिया।

### भाजपा जिलाध्यक्ष को पुलिस ने नहीं जाने दिया

**बहजोई, अमृत विचार :** डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री गुलाब देवी, भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू तथा तीन अन्य व्यक्ति परमेश्वर लाल सैनी का नामांकन कराने के लिए पहुंच रहे थे। प्रत्याशी सहित पांच लोग ही नामांकन स्थल के अंदर जाने थे। इसको लेकर एएसपी अनुकृति मिश्रा ने जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू को बाहर ही रोक दिया। केवल पांच व्यक्तियों को अंदर जाने की इजाजत दी। ऐसे में जिलाध्यक्ष को बाहर कर दिया गया। फिर कमान राज्य मंत्री गुलाब देवी ने संभाली। बाद में एक व्यक्ति को बाहर निकाला गया फिर जिलाध्यक्ष को नामांकन स्थल तक पहुंचाया गया।

### ट्रक में घुसा केंटर, चालक सहित तीन लोग घायल

**संभल, अमृत विचार:** हयातनगर थाना क्षेत्र में संभल गवां मार्ग पर छुट्टा पशु को बचाने के लिए चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगाए तो टमाटर से लदा केंटर पीछे से ट्रक में घुस गया। हादसे में केंटर चालक सहित तीन लोग घायल हो गए।

अमरोहा जिले के गांव पौरारा निवासी ओमपाल व महेंद्र गुरुवार की तड़के चार बजे केंटर में लादकर टमाटर बेचने चंदौसी मंडी जा रहे थे। तहसील हसनपुर निवासी चालक सलीम केंटर लेकर जैसे ही संभल गवां मार्ग पर हयातनगर थाना क्षेत्र में गांव मोतीनगर के पास पहुंचा। अचानक से सड़क पर आए छुट्टा पशु को बचाने के चक्कर में आगे चल रहे चालक ने ट्रक के इमरजेंसी ब्रेक लगा दिए। जिससे केंटर पीछे से ट्रक में घुस गया और चालक सलीम व ओमपाल, महेंद्र गंभीर रुप से घायल हो गए। हादसे के बाद मार्ग से गुजर रहे वाहन चालकों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सलीम, ओमपाल व महेंद्र को केंटर से निकालकर उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया।

# पाक अधिकृत कश्मीर में तिरंगा फहराने को 400 पार

## अखिलेश, राहुल व मायावती का राजनीतिक अस्तित्व खतरे में, किसी का खाता भी नहीं खुलेगा : केशव प्रसाद

संवाददाता,बहजोई(संभल)

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने सपा, बसपा व कांग्रेस पर कटाक्ष करते कहा कि लोकतंत्र नहीं बल्कि अखिलेश, राहुल व मायावती का अस्तित्व खतरे में है।अब की बार 400 पार पाक अधिकृत कश्मीर में तिरंगा फहराने के लिए चाहिए।

नगर पालिका परिषद के मिनी स्टेडियम में जनसभा में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सपा, बसपा व कांग्रेस का उत्तर प्रदेश में खाता खुलने वाला नहीं है। समाजवादी पार्टी इस चुनाव में समाप्त वादी पार्टी साबित होगी। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सपा कांग्रेस के गठबंधन 2017 में चारों खाने चित्त हुआ था। 2017 में न कांग्रेस कहीं दिखाई दी और न ही सपा। दोनों पार्टियों आईसीयू में पड़ी थीं। 2024 में फिर इनका बुरा हाल होगा। डिप्टी सीएम ने कहा कि भाजपा एक देश एक चुनाव के लिए, पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में तिरंगा फहराने के लिए और समान नागरिक संहिता के लिए 400 पार की बात कहती है।

इस दौरान राज्य मंत्री गुलाब देवी, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल, जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू,प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव, चेयरमैन राजेश शंकर राजू, ओमवीर सिंह खड़क वंशी, रामस्वरूप राणा, कमल कुमार कमल, ललित मोहन शर्मा, पूर्व विधायक सत्येंद्र सिंह आदि मौजूद रहे। संचालन भुवनेश राघव ने किया।


बहजोई में जनसभा के दौरान लोगों का अभिवादन स्वीकार करते डिप्टी सीएम केशवप्रसाद मौर्य। ● अमृत विचार

- **समाजवादी पार्टी, कांग्रेस, बसपा उत्तर प्रदेश में पहुंची आईसीयू में**
- **समाजवादी पार्टी इस चुनाव में समाप्त वादी पार्टी साबित होगी**

### सैफई परिवार वाले रहते हैं मुझसे बहुत नाराज

**बहजोई, अमृत विचार :** डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सैफई परिवार वाले मुझसे बहुत नाराज रहते हैं। मैं पूछना चाहता हूं जब अखिलेश यादव की सरकार थी तो सपाईयों का नारा था खाली प्लॉट हमारा है। जिस गाड़ी पर सपा का झंडा वह उतना बड़ा गुंडा, प्रोफेसर चाचा व एक और चाचा मुझे निशाना बनाते हैं, लेकिन मुझे सपा को समाप्त वाली पार्टी बनाना है।

### डिप्टी सीएम ने प्रत्याशी के समर्थन में किया रोड शो

**बहजोई, अमृत विचार :** प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी के समर्थन में रोड शो किया।

डिप्टी सीएम केशव प्र साद मौर्य जनसभा को संबोधित करने नगर पालिका परिषद के मिनी स्टेडियम पहुंचे। यहां से टाटा मैजिक पर सवार होकर डिप्टी सीएम ने राज्यमंत्री गुलाब देवी के साथ बहजोई बबराला मार्ग पर रोड शो निकाला। रोड शो में शामिल कार्यकर्ता ने जय श्रीराम के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। डिप्टी सीएम ने सभी का अभिवादन स्वीकार करते हुए भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी के समर्थन में मतदान करने की अपील की। हालांकि यह रोड शो मिनी स्टेडियम से कलेक्ट्रेट तक जाना था लेकिन डिप्टी सीएम पर कम समय रहने के कारण करीब डेढ़ सौ कदम दूरी पर ही समाप्त हो गया। तब डिप्टी सीएम चले गए। कार्यकर्ताओं में मायूसी का माहौल बना।

## सार-संक्षेप


फूलडोल शोभायात्रा में प्रसाद वितरण करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### फूलडोल यात्रा में गूंजे भगवान राम व माता सीता के जयकारे

**धनारी, अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र में बुधवार को ग्रामीणों ने रामनवमी के मौके पर गांव में हर वर्ष की तरह फूलडोल यात्रा निकाली। यात्रा में शामिल भजन मंडली ने भगवान राम के भजन सुनाए तो ग्रामीणों ने भगवान राम, माता सीता के दर्शन कर जयकारे लगाए। थाना क्षेत्र के गांव धनारी पट्टी बालू शंकर में हर वर्ष चैत्र माह में रामनवी पर फूलडोल यात्रा निकाली जाती है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बुधवार की देर शाम गांव के पास स्थित बालक दास बाबा के आश्रम से फूलडोल यात्रा का शुभारंभ किया गया। फूलडोल यात्रा गांव की गलियों, रास्तों से होते हुए वापस बालक दास बाबा के आश्रम पर पहुंचकर संपन्न हुई। फूलडोल यात्रा में भजन मंडली ने भगवान राम सीता के भजन सुनाए तो माहौल भक्तिमय हो गया। वहीं ग्रामीणों ने भगवान राम व माता सीता के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान भरत सिंह, जितेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, अवनेश शर्मा, मेघसिंह, सोमवीर सिंह, धर्मपाल सिंह आदि मौजूद रहे।


पूर्णागिरि मंदिर में भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते बच्चे। ● अमृत विचार

### पूर्णागिरि धाम मंदिर पर भंडारे में उमड़े श्रद्धालु

**चन्दौसी, अमृत विचार :** नवरात्र के उपलक्ष्य में गोशाला रोड स्थित मां पूर्णागिरि धाम मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंच प्रसाद ग्रहण किया। दोपहर एक बजे आरंभ हुआ भंडारा देर शाम तक जारी रहा। मां पूर्णागिरि मंदिर पर नवरात्र पर श्रद्धालुओं द्वारा पूजा-अर्चना की गई। गुरुवार को श्रद्धालुओं की ओर से नवरात्र के बाद मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। दोपहर एक बजे कन्याओं को भोजन कराया गया। उन्हें उपहार दिए गए। इसके बाद भंडारा आरंभ हुआ। जो देर शाम तक जारी रहा। इस दौरान प्रभव गोयल, अंजू गोयल, लता गोयल, निखिल, प्रेम शंकर, दिलीप कुमार, मदन लाल, कुंवर पाल, कृष्ण पाल, ममता गोयल, राजवाला, कामिनी, दुर्गेश, जमुना आदि मौजूद रहे।

### वाहन चेकिंग में मिले 62 हजार रुपए किए जब्त

**गुन्नौर अमृत विचार :** एफएसटी टीम प्रभारी राम लखन यादव ने बैरपुर महराजी के तिराहे पर वाहन चेकिंग के दौरान एक वाहन से 62 हजार की नकदी बरामद की। साक्ष्य नहीं दिखाने पर नकदी जब्त कर ली गई। बदायूं रोड पर बैरपुर महराजी के तिराहे पर वाहन चेकिंग के दौरान बदायूं जनपद के सहसवान के मुहल्ला नवादा निवासी इरशत पुत्र हसमत से 62,800 की नकदी मिली। साक्ष्य या दस्तावेज नहीं दिखाने पर आचार संहिता का उल्लंघन मानते हुए नकदी जब्त की गई। धनराशि को कोषागार संभल में जमा कराने की प्रक्रिय शुरू कर दी।

# कारों का काफिला रोका तो साइकिल से गए सपा प्रत्याशी

भीष्म सिंह देवल,संभल

**अमृत विचार:** चुनावी माहौल में उम्मीदवार हर हालात से निपटने को तैयार हैं। संभल में नामांकन कराने जा रहे सपा प्रत्याशी की कारों का काफिला पुलिस ने रोका तो सपा प्रत्याशी कार से उतरे और साइकिल पर सवार होकर नामांकन स्थल की दौड़ लगा दी।

पूर्व सांसद डा. शफीकुर्रहमान बर्क के पौत्र जियाउर्रहमान बर्क को समाजवादी पार्टी ने संभल लोकसभा सीट से अपना उम्मीदवार बनाया है। जियाउर्रहमान बर्क अब तक कुंदरकी विधानसभा सीट से सपा के विधायक हैं। गुरुवार को जियाउर्रहमान बर्क समर्थकों के साथ अपना नामांकन दाखिल करने के लिए बहजोई कलेक्ट्रेट गये थे। पुलिस प्रशासन ने तय व्यवस्था के तहत नामांकन स्थल से काफी पहले टिकटा तिराहा पर काफिले की कारों को रोक दिया। कहा गया कि यहां से आगे केवल प्रत्याशी व प्रस्तावक ही कार से जा सकते हैं। किसी तरह प्रत्याशी के साथ जनप्रतिनिधियों की कारों को निकाल कर आगे बढ़ाया गया लेकिन रेलवे क्रासिंग के पास फिर से कारों को रोककर पुलिस ने साफ कर दिया कि यहां से आगे केवल प्रत्याशी व प्रस्तावक की कार से जा सकते हैं। कारों के रोके जाने की वजह से सड़क पर जाम जैसे हालात बने तो सपा प्रत्याशी जियाउर्रहमान बर्क़ ने एक साइकिल मंगाई और साइकिल पर सवार होकर नामांकन स्थल की तरफ चल पड़े। सपा प्रत्याशी साइकिल पर और सुरक्षा कर्मी उनके साथ दौड़ते हुए चलने लगे।

इस नजारे को देखकर पुलिस प्रशासन भी अवाक रह गया। हालांकि जियाउर्रहमान के नामांकन स्थल पर पहुंचने से पहले ही पुलिस ने उनकी कार को भी जाम से निकलवाकर आगे भिजवा दिया।


साइकिल पर सवार होकर नामांकन स्थल की तरफ जाते सपा प्रत्याशी जियाउर्रहमान बर्क। ● अमृत विचार

- **जियाउर्रहमान बर्क ने साइकिल मंगवाई और नामांकन करने गए**

# महिला की मौत के मामले में अस्पताल संचालक पर रिपोर्ट

संवाददाता, संभल/रजपुरा

**अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र में निजी अस्पताल में गर्भपात के बाद महिला की मौत मामले में अस्पताल संचालक डॉक्टर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

क्षेत्र के गांव करकोरा निवासी गिर्राज की गर्भवती पत्नी मीना का गवां में अवैध रूप से संचालित सीमा देवी मैमोरियल हेल्थ केयर सेंटर में गर्भपात किया गया था। जिसके बाद मीना की मौत हो गई थी। परिजनों के हंगामे के बाद पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन दिया था। सीएमओ और नोडल अधिकारी ने अस्पताल को सील किया था। इस मामले में नोडल अधिकारी डॉ.विरास यादव ने पुलिस को तहरीर दी। थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि नोडल अधिकारी की तहरीर पर अस्पताल के डॉ. प्रदीप कुमार मरोठिया के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### महिला ने लगाया जमीन पर कब्जा करने का आरोप


**संभल/धनारी, अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र के गांव मानकपुर मढैय़ा निवासी ओमपाल की पत्नी सावित्री देवी ने गुरुवार को बहजोई पहुंचकर जिलाधिकारी मनीष बंसल को शिकायती पत्र दिया। कहा कि गांव में ही स्थित साझे के प्लाट में जेठ राम सिंह व वि जयपाल ने हिस्से की जमीन पर मकान का निर्माण करा लिया था। आरोप लगाया कि ओमपाल के हिस्से की खाली जमीन पर जेठ फरवरी में झोपड़ी डालकर कब्जा करने लगे। 13 अप्रैल को मकान निर्माण कराने के लिए दोनों ने ईंट मंगाकर प्लाट में डाल दीं। विरोध करने पर 15 अप्रैल की शाम घर में घुसकर सावित्री के साथ मारपीट की गई। शिकायत करने के बाद भी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। सावित्री ने डीएम से कार्रवाई की गुहार लगाई।

# चौराहे पर अतिक्रमण से लगता है जाम

संवाददाता, गुन्नौर

**अमृत विचार :** नेहरू चौराहे पर फल-सब्जी आढ़तियों और रेहड़ी पटरी वालों के अतिक्रमण से रोजाना जाम की स्थिति बनी रहती है। हाइवे की सड़क से लेकर फुटपाथ तक अनाधिकृत कब्जे से आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। फिर भी अतिक्रमण को लेकर कार्रवाई नहीं हो रही है।

मेरठ-बदायूं स्टेट हाइवे पर स्थित नेहरू चौराहे पर फल, सब्जी के थोक विक्रेता प्रतिदिन सुबह सब्जी और फल की मंडी लगाते हैं जबकि ठेले-खोमचे वाले फल, छोला-भटूरा, चाट आदि की दुकान सजाकर खड़े रहते हैं। सड़क किनारे पटरी पर बड़े दुकानदारों ने अतिक्रमण कर रखा है। जिससे स्कूली बसें और मरीजों की एंबुलेंस तक जाम में फंसी रहती हैं। इतना ही नहीं, प्रशासनिक अफसरों व पुलिस की गाड़ियां भी यहां लगने वाले जाम में फंस जाती हैं। फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। बताते चलें कि नेहरू चौराहे पर कई होटल और रेस्टोरेंट हैं। जहां रोडवेज की बसें रुकती हैं। चाट, फल आदि के ठेले पटरी पर कब्जा जमाए हुए हैं। मंडी में खरीदारी के लिए बड़ी संख्या में ग्राहकों का आना-जाना लगा रहता है। यहां 100 से अधिक छोटी-बड़ी सब्जी दुकानें हर रोज लगती है। सुबह छह बजे से मंडी लगनी शुरू हो जाती है और दस बजे तक खरीद फरोख्त होती है। हालांकि, नगर पंचायत द्वारा अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी जाती है लेकिन कार्रवाई के नाम पर होता कुछ नहीं है। जिस कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।


गुन्नौर में सड़क किनारे अतिक्रमण कर लगाई फल व सब्जी मंडी। ● अमृत विचार

- **फल-सब्जी आढ़तियों और रेहड़ी पटरी वालों ने जमाया कब्जा**
- **नगर पंचायत नहीं चला रही अतिक्रमण हटाओ अभियान**

> अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया जाता है। नेहरू चौराहे पर अतिक्रमण पर कार्रवाई की जाएगी।
> -मनीष चौधरी, ईओ नगर पंचायत

### चौकी के पास अवैध रूप से संचालित हो रहा वाहन स्टैंड

**बबराला, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश का कोई असर नहीं दिख रहा है। नगर में पुलिस चौकी के पास धड़ल्ले से वाहन स्टैंड अवैध रूप से संचालित हो रहा है। इंदिरा चौक से प्राइवेट बसें व अन्य डग्गामार वाहन बेखौफ सवारियां ढोते नजर आते हैं। स्थानीय पुलिस इन पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजस्व को नुकसान पहुंचाने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई व अनाधिकृत तौर पर संचालित हो रहे टैक्सी,बस स्टैंड को हटाने के निर्देश दिए थे। आदेश का असर कुछ दिन तक ही दिखाई दिया। अवैध वाहन स्टैंड कुछ दिनों के लिए निष्क्रिय रहा पर इसके बाद फिर सब कुछ पहले जैसा हो गया। नगर में पुलिस चौकी के पास से ही प्राइवेट टैक्सी स्टैंड संचालित हो रहा है। फिर भी कार्रवाई नहीं हो रही है। इंदिरा चौक पर सुबह से लेकर शाम तक प्राइवेट व अन्य डग्गामार वाहन बेखौफ होकर सवारियां ढोते हुए नजर आते हैं।

प्रभाव | मुबारकपुर बंद लिंक मार्ग की सड़क को लेकर अमृत विचार ने प्रकाशित की थी खबर

# पीडब्ल्यूडी ने दोबारा शुरू कराया सड़क का निर्माण

अमृत विचार
खबर का असर

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

**अमृत विचार :** असमोली क्षेत्र में मुबारकपुर बंद लिंक मार्ग पर सड़क निर्माण होने के साथ ही उखड़ने को लेकर अमृत विचार ने प्रमुखता से खबर प्रकाशित की तो पीडब्ल्यूडी विभाग चेत गया। पीडब्ल्यूडी विभाग ने उसी सड़क का निर्माण दोबारा से शुरू करा है। मानक के अनुसार सड़क निर्माण होने से ग्रामीणों को आवागमन में सहूलियत मिल सकेगी।

पीडब्ल्यूडी विभाग ने असमोली क्षेत्र के कई गांवों में सड़कों का निर्माण शुरू कराया था। गांव मुबारकपुर बंद लिंक मार्ग पर भी सड़क तैयार कराई गई थी लेकिन सप्ताह भर में ही सड़क उखड़ने लगी तो सवाल भी खड़े हुए। सड़क निर्माण में घटिया सामग्री लगाने को लेकर चर्चा का माहौल बना तो ग्रामीणों ने मानक के अनुसार सामग्री से सड़क निर्माण की मांग उठाई। अमृत विचार ने तीन अप्रैल के अंक में पेज सात पर बनते ही उखड़ने लगी लाखों की लागत से बनी सड़क...शीर्षक से खबर प्रकाशित करते हुए सच्चाई बयां की थी। मामला अधिकारियों तक पहुंचा तो अब पीडब्ल्यूडी विभाग भी चेत गया है। पीडब्ल्यूडी विभाग ने गांव मुबारकपुर बंद में उसी मार्ग पर सड़क निर्माण का कार्य फिर से शुरू करा दिया।

गुरुवार को मजदूर काम में जुटे नजर आए। ग्रामीणों का कहना रहा कि मानक के अनुसार सामग्री लगने से ही टिकाऊ सड़क बनेगी। जिससे आवागमन में आसानी होगी।


संभल के मुबारकपुर बंद में सड़क निर्माण करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

- **सप्ताह भर में ही सड़क उखड़ने लगी थी तो सवाल खड़े हुए**


बनते ही उखड़ने लगी लाखों की लागत से बनी सड़क

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

## एक नजर

### अनियंत्रित होकर बाइक फिसली, युवक घायल

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़, अमृत विचार :** गावं बिचैटा के निकट अनियंत्रित होकर बाइक फिसल गई। हादसे में बाइक सवार युवक घायल हो गया। हादसा गुरुवार की शाम उस समय हुआ जब हेम सिंह पुत्र निर्मल दास निवासी गांव निसरोल थाना बिसौली जिला बदायूं बहन के यहां शादी समारोह में शिरकत करने गांव दियौरा खास जा रहा था। वह जैसे ही बिचैटा गांव के निकट पहुंचा। अचानक बाइक सड़क पर फिसल गई। जिससे हेम सिंह के चेहरे समेत शरीर पर गंभीर चोटें आयी हैं।

### देवी कथा के समापन पर भंडारे का आयोजन

**चन्दौसी/बनियाठेर, अमृत विचार :** बनियाठेर के गांव अकरौली में आयोजित देवी कथा के अंतिम दिन कथा वाचक सुमित शिवम महाराज ने नौ देवियों के बारे में रोजाना अवगत कराया। नवदुर्गा के द्वारा 9 दिन जन्मजय माता रानी का व्रत रखा और अंत में अपने पिता राजा परीक्षित को उसने मोक्ष दिलाया। कथा के समापन पर भंडारे का आयोजन किया। भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आकर युवक की मौत, नहीं हुई पहचान

## शिनाख्त कराने के प्रयास में जुटी पुलिस, शव मोर्चरी में रखवाया

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के बदायूं रोड पर ओएलएफ के सामने अज्ञात वाहन ने युवक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है। पुलिस ने शव मोर्चरी में रखवा दिया है।

गुरुवार की सुबह पांच बजे बदायूं रोड स्थित ओएलएफ के सामने एक युवक गंभीर रुप से घायल अवस्था में पड़ा था। जिसके सिर से रक्त बह रहा था। उधर से गुजर रहे लोगों ने घटना से पुलिस को अवगत कराया। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस घायल युवक को उपचार के लिए सीएचसी लेकर आई। यहां चिकित्सक ने युवक को मृत घोषित कर दिया। युवक की तलाशी ली गई तो उसके कपड़ों में 300 रूपये निकले और उससे दाये हाथ में रोहित लिखा था। इसके अलावा युवक के कपड़ों से कोई अन्य कागज बरामद नहीं हुआ। जिससे युवक की पहचान नहीं हो सकी। दिन भर पुलिस युवक की पहचान कराने का प्रयास करती रही। मगर कामयाबी नहीं मिली। युवक मानसिक तौर पर कमजोर बताया जा रहा है। लोगों ने युवक को अक्सर सड़क पर घूमते हुए देखा है। युवक की मौत का कारण वाहन की चपेट में आना बताया जा रहा है।

> युवक की बदायूं रोड पर वाहन की चपेट में आने से मौत हुई है। युवक अक्सर बदायूं रोड पर घूमता देखा गया है। पहचान कराने का प्रयास कराया जा रहा है।
> –**अतर सिंह,** प्रभारी निरीक्षक कोतवाली

### ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

**बहजोई, अमृत विचार :** बरेली अलीगढ़ रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। बहजोई थाना क्षेत्र के गांव बमनेटा के निकट गुरुवार को दोपहर ग्रामीणों ने रेलवे ट्रैक पर शव पड़ा देखा। जिसके बाद मौके पर दर्जनों ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। इसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक की जेब में रखे पहचान पत्र के माध्यम से उसकी शिनाख्त अबरार (20 वर्ष) पुत्र अनवर निवासी मिर्जापुर थाना बहजोई के रूप में की। मौके पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि किसी बात को लेकर युवक की भाई से कहासुनी हो गई थी।

# चुनाव में लगीं अनुबंधित बसें, दिक्कतों से जूझ रहे यात्री

कार्यालय संवाददाता, संभल

- संभल से मुरादाबाद के लिए चलने वाली 40 में से सिर्फ पांच बसें संचालित
- एक से डेढ़ घंटे में रोडवेज बस अड्डा पहुंच रही बसें, यात्रियों में मच रही मारामारी

**अमृत विचार :** मुरादाबाद में लोकसभा चुनाव के लिए संभल से अनुबंधित बसें गईं तो यहां यात्रियों को दिक्कतों से जूझना पड़ रहा है। 40 में से महज पांच बसें ही मार्ग पर दौड़ रही हैं, जिस कारण यात्री परेशान हैं। संभल रोडवेज बस अड्डा पर बस में सवार होने के लिए यात्रियों में मारामारी का माहौल बना हुआ है।

लोकसभा चुनाव को लेकर जनपद मुरादाबाद में 19 अप्रैल को मतदान होना है। इसके लिए संभल से भी परिवहन निगम की अनुबंधित बसों को लगाया गया है।

बताया गया है कि 35 बसें चुनाव के लिए गई हैं तो यहां सिर्फ पांच बसों का ही संचालन संभल और मुरादाबाद के लिए हो रहा है। बसों की किल्लत के चलते यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आलम यह है कि संभल रोडवेज बस अड्डा पर घंटों तक यात्री बस का इंतजार कर रहे हैं। कभी बस एक घंटा तो कभी डेढ़ में पहुंच रही है। जैसे ही बस आती है तो यात्री सवार होने के लिए दौड़ पड़ते हैं।

यात्रियों में बस में सवार होने के लिए मारामारी का माहौल बन रहा है। गुरुवार को भी बस अड्डा पर यात्रियों को परेशान हाल देखा गया।

बताते चलें कि रोडवेज बस अड्डा भी वर्षों से किराये के भवन में संचालित हो रहा है। यहां यात्रियों की सुविधाओं के लिए समुचित इंतजाम नहीं है। जिस कारण बसों का इंतजार करने के दौरान यात्रियों की दिक्कतें और भी बढ़ी हुई हैं।



संभल में रोडवेज बस अड्डे पर बस का इंतजार करते यात्री। ● अमृत विचार

> अनुबंधित बसें मुरादाबाद में चुनाव के लिए गई हैं। यहां 40 में से पांच बसों का ही संचालन हो रहा है। एक से डेढ़ घंटे में भी बस रोडवेज बस अड्डा पर पहुंच रही है।
> –**ताराचंद,** कार्यवाहक प्रभारी बस अड्डा

### समय से नहीं निपट रहे काम

**संभल, अमृत विचार :** तमाम लोग ऐसे हैं जो रोजाना ही जरूरी काम के लिए मुरादाबाद जाते हैं। वर्तमान में बसों की किल्लत के कारण उन लोगों को ज्यादा परेशानी हो रही है। बसें समय से नहीं मिल रही हैं तो लोग देरी से मुरादाबाद पहुंच रहे हैं। जिस कारण जरूरी काम समय से नहीं निपट पा रहे हैं।

# तेजी से बढ़ रहा तापमान, स्वास्थ्य के प्रति रहें सावधान

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** अप्रैल में ही गर्मी ने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया। तेज धूप के साथ गर्मी बढ़ने से लोग बेहाल हो रहे हैं। गर्मी के कारण लोग बुखार की चपेट में भी आने लगे हैं। वहीं चिकित्सक मरीजों से गर्मी में एहतियात बरतने की सलाह दे रहे हैं। मंगलवार को तापमान 33 से 34 डिग्री सेल्सियस रहा।

गेहूं की कटाई शुरू होने के बाद गर्मी शुरू हो गई है। सुबह नौ बजे से ही धूप में तेजी होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दोपहर 12 बजे से शाम चार बजे धूप तेज होने से तापमान अधिक बना रहता हैं। धूप की तपिश से बचने के लिए लोग जरूरी कार्य होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। गर्मी से लोग वायरल फीवर की चपेट में आ रहे हैं। रोजाना सीएचसी में बुखार के 250 से अधिक मरीज उपचार कराने पहुंच रहे हैं। वहीं चिकित्सक भी मरीजों से गर्मी का मौसम शुरू होने पर एहतियात बरतने की सलाह दे रहे हैं। चिकित्सकों का कहना है कि बाहरी भोजन बिल्कुल न करें। धूप में जरुरत होने पर ही घर से बाहर निकलें। वायरल फीवर होने पर तुरंत चिकित्सक से उपचार कराए।



सीएचसी में लाइन में लगे अपनी बारी का इंतजार करते रोगी। ● अमृत विचार

> गर्मी के मौसम में छोटी लापरवाही ही बड़ा रूप ले लेती है। वायरल फीवर होने पर तुरंत नजदीकी चिकित्सक से उपचार कराकर ही दवा का सेवन करें। जितनी हो सके उतनी एहतियात बरतें।
> –**डॉ. हरवेंद्र सिंह,** प्रभारी, सीएचसी

### यह बरतें सावधानियां

- तेज गर्मी व धूप में बाहर से आकर तुरंत पानी न पीयें।
- तेज धूप व गर्मी होने पर घर से छाता लेकर निकलें।
- गर्मी के मौसम में ताजा भोजन करें, बासी भोजन का सेवन न करें।
- बाजार की तली-भुनी खाद्य सामग्री का सेवन करने से बचे।
- रात को मच्छरदानी अवश्य लगाकर सोए, ताकि मच्छरों से बचा जा सके।

# गर्मी शुरू होते ही विद्युत कटौती से लोग परेशान

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- रोजाना तीन से चार घंटे ठप रहती ही विद्युत आपूर्ति
- अक्सर फाल्ट होने व ट्रपिंग से समस्या उत्पन्न हो रही

**अमृत विचार:** गर्मी बढ़ने के साथ-साथ शहर की विद्युत व्यवस्था भी चरमराने लगी है। अक्सर फाल्ट होने व ट्रपिंग से समस्या उत्पन्न हो रही है। दिन में तीन से चार घंटे विद्युत कटौती होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

खास तौर पर सुबह के समय विद्युत कटौती होने से लोगों को दैनिक कार्य निपटाने में परेशानी झेलनी पड़ रही है।

गर्मी में लोगों को विद्युत आपूर्ति की आवश्यकता अधिक होती है। अब गर्मी के साथ-साथ धूप भी तेज होनी शुरू हो गई है। जैसे-जैसे गर्मी बढ़ रही है, वैसे-वैसे बिजली ने भी अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया। गर्मी से राहत पाने के लिए लोगों ने कूलर व एसी चलाना शुरू कर दिया है। जिससे ट्रपिंग के साथ-साथ विद्युत लाइन में फाल्ट भी होने लगे हैं। दिन के समय तीन से चार घंटे विद्युत कटौती होना आम बात है। सुबह के समय बिजली गुल होने से घरेलू कार्य के लिए पानी नहीं मिलने पर महिलाओं को परेशानी उठानी पड़ रही है। लोगों ने विद्युत विभाग से गर्मी के मौसम में विद्युत आपूर्ति सुचारू कराने की मांग की है।

# तात्या टोपे की वीर गाथा को किया याद

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत ने गुरुवार को संयुक्त रुप से 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी क्रांतिकारी तात्या टोपे का बलिदान दिवस विनायक कालोनी में मनाया। उनकी वीर गाथा को याद किया गया।

सर्वप्रथम मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने तात्या टोपे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कहा कि अंग्रेज दुआ मांगा करते थे कि फिर किसी तात्या से पाला न पड़े।

भारत का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 10 मई 1857 से लेकर एक नवंबर 1858 तक चला। इस युद्ध में भले ही भारत आजादी न हासिल कर पाया हो लेकिन कई क्रांतिकारियों ने इसमें हिस्सा लिया। उनमें तात्या टोपे का नाम प्रमुखता से लिया जाता है। तात्या टोपे का जन्म 16 फरवरी 1814 को महाराष्ट्र के नासिक जिले के छोटे से गांव येवला में हुआ था।

इनका वास्तविक नाम रामचंद्र पांडुरंग राव था। तात्या टोपे की मृत्यु उनके अजीज मान सिंह के धोखा देने के कारण हुई। वीर सपूत तात्या टोपे को शिवपुरी में 18 अप्रैल 1859 को खुले मैदान में सार्वजनिक रूप से फांसी पर लटका दिया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सृष्टि सिंह ने की। संचालन बृजेंद्र प्रसाद तिवारी ने किया। रश्मि शर्मा, सच्चिदानन्द शर्मा, सत्यप्रिया मिश्रा, राम सिंह, डॉ. शिवांगी मिश्रा, हिमशिखा मिश्रा, हर्ष तिवारी, उत्कर्ष तिवारी, शुभ आशीष पाराशरी, आकाश वार्ष्णेय, किशन सिंह, गोपी सिंह, शांतनु मिश्रा, आर्यन उपस्थित रहे।



तात्या टोपे का बलिदान दिवस मनाते समिति के सदस्य। ● अमृत विचार

**आयोजन**

- महापुरुष स्मारक समिति ने तात्या टोपे का बलिदान दिवस मनाया


# हाइवे पर छुट्टा पशुओं का लगा डेरा, हादसों का खतरा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- थाना बनियाठेर के गांव भुलाबई से अकरौली तक सड़क पर विचरते रहते हैं पशु
- गोशालाओं में नहीं मिल रहा आश्रय

**अमृत विचार:** जहां एक ओर सरकार छुट्टा गोवंशीय पशुओं को आश्रय देने के लिए गांव-गांव अस्थाई गोशाला का निर्माण करा रही है। वहीं सरकारी तंत्र सरकार की मंशा को पलीता लगाने से बाज नहीं आ रहा। मुरादाबाद-आगरा नेशनल हाइवे पर थाना बनियाठेर क्षेत्र में छुट्टा पशु दिन भर सड़क पर विचरते रहते हैं। जिससे हादसे का खतरा बना रहता है। रात के समय हादसे की आशंका अधिक बनी रहती है। शायद जिम्मेदारों को किसी बड़े हादसे का इंतजार है। इसलिए इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

पिछले दिनों छुट्टा गोवंशीय पशुओं से तंग आकर किसानों के आंदोलन के बाद सरकार ने 15 जनवरी तक छुट्टा पशुओं को आश्रय स्थल भेजने निर्देश दिए थे। इसके बावजूद सरकार के आदेश की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। मुरादाबाद-आगरा नेशनल हाइवे पर थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव भुलाबई से अकरौली तक करीब डेढ़ किलोमीटर के दायरे में छुट्टा गोवंशीय पशुओं ने डेरा डाल लिया है। इसी बीच करीब दो दर्जन से अधिक पशु विचरते हैं। जबकि गांव अकरौली और भुलाबई में गो आश्रय स्थल बने हुए हैं। इसके बावजूद ये पशु दिन भर सड़क किनारे विचरते रहते हैं। थाना बनियाठेर के आसपास भी झुंड के रूप में पशु देखे जा रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार ये पशु रात में बीच सड़क पर आकर बैठ जाते हैं। ऐसे में किसी वाहन के पशुओं से टकराने का अंदेशा बना रहता है। पिछले दिनों कई बाइक सवार टकरा भी गए हैं। चौपहिया वाहनों के टकराने से कई पशु जख्मी भी हुए हैं। इतना ही नहीं ये पशु सड़क किनारे खेतों में घुस कर फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। ग्रामीणों ने छुट्टा पशुओं को गो आश्रय स्थल पहुंचाने की मांग की है।



गांव भुलाबई के निकट सड़क किनारे बैठे गोवंशीय पशु। ● अमृत विचार

# अज्ञात वाहन की टक्कर से टेंपो सवार दंपती घायल

संवाददाता, बबराला

**अमृत विचार :** आगरा-मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर गुरुवार को देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से टेंपो सवार दंपति घायल हो गया। घायलों को सीएचसी गुन्नौर में भर्ती कराया। जहां पति की हालत गंभीर बताई गई है।

गांव कैल निवासी नरेश और उसकी पत्नी सोमवती गुरुवार को धनारी गए थे। रात करीब आठ बजे टेंपो से लौट रहे थे। रास्ते में सामने से जा रहे अज्ञात वाहन ने टैंपो को टक्कर मार दी। जिससे नरेश और सोमवती घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। जहां नरेश की हालत नाजुक बनी हुई है।

### कार की टक्कर से बालिका गंभीर रूप से घायल

**गुन्नौर अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर गांव रसूलपुर के पास सड़क पार कर रही बालिका को तेज रफ्तार कार ने रौंद डाला। जिससे बालिका गंभीर रूप से घायल हो गई। गांव रसूलपुर निवासी सतीश की 6 वर्षीया बेटी प्राची गुरुवार शाम को घर से घेर पर जाने के लिए हाईवे पर सड़क पार कर रही थी। तभी नरौरा की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी। जिससे घायल हुई प्राची को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। डॉक्टर ने हालत नाजुक देखकर प्राची को प्राथमिक उपचार देकर मेडिकल कॉलेज अलीगढ़ रेफर कर दिया।

## सार-संक्षेप




नारी उत्थान समिति के स्थापना दिवस कार्यक्रम में बोलते कपिल सिंघल।

### जरूरतमंदों की सेवा से बड़ा कोई कार्य नहीं

**संभल, अमृत विचार :** नारी उत्थान समिति की ओर से स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में समिति के कार्यों पर प्रकाश डाला गया। साथ ही, सामाजिक लोगों को सम्मानित किया गया। आर्य समाज स्कूल में नारी उत्थान समिति के स्थापना दिवस कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि समाजसेवी कपिल सिंघल, कमलकांत तिवारी, संजय गुप्ता पोली, नीलांशु वार्ष्णेय, शिवकुमार, जयप्रकाश गुप्ता, पूर्वी वार्ष्णेय, तरन्नुम अकील और अजय शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित करके की। समाजसेवी कपिल सिंघल ने कहा कि समिति की पदाधिकारी निरंतर सामाजिक कार्यों में लगी रहती हैं। लोगों की मदद भी करती हैं। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा करने से बड़ा कोई कार्य नहीं है। गरीबों की सेवा कर जो मानसिक सुख व शांति मिलती है वह अन्य किसी कार्य से प्राप्त नहीं होती हैं। कमलकांत तिवारी ने कहा कि समिति द्वारा जो सेवा कार्य किए जा रहे हैं वह प्रशंसनीय व सराहनीय हैं। पूर्वी वार्ष्णेय ने कहा कि समिति हर पर्व को धूमधाम से मनाती हैं। जरूरतमंदों की हर संभव मदद की जाती हैं। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए देशभक्ति गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया। समिति की अध्यक्ष सीमा आर्या ने कहा कि समिति लंबे समय से निस्वार्थ भाव से जरूरतमंदों की सेवा कर रही है। यह कार्य आगे भी जारी रहेगा। इस दौरान पूनम शुक्ला, मीनाक्षी सिंघल, नीलू चाहल, ममता भोला, रेखा, बबली आर्या, प्रीति शर्मा, ऋतु रस्तोगी, शालिनी रस्तोगी, सुरभि टंडन, शोबी, अल्पना आर्या, आशा, विनीता, रेखा आर्या आदि रहीं।

### दुष्कर्म के झूठे आरोप पर कोर्ट ने महिला को किया तलब

**काशीपुर, अमृत विचार :** दुष्कर्म का झूठा आरोप लगाकर पैसा मांगना एक महिला व उसके साथी को महंगा पड़ गया। कोर्ट ने अवैध मांग, गाली गलौज व धमकी के मामले में महिला को तलब किया है। ग्राम राघूवाला, तहसील ठाकुरद्वारा निवासी ओमप्रकाश ने अपने अधिवक्ता अमरीश अग्रवाल, मुनिदेव विश्नोई और भारत भूषण के माध्यम से न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, काशीपुर के यहां परिवाद दायर कर कहा कि थाना आईटीआई निवासी एक महिला ने पुत्र अर्जुन के खिलाफ दिसम्बर 2023 से बलात्कार के फर्जी प्रार्थना पत्र भिजवाने शुरू कर दिए। फिर उसके बाद महिला के साथी कौशल ने ओमप्रकाश के ऊपर दस लाख रुपये देने का दबाव बनाया। साथ ही धारा 156 (3) सीआरपीसी का प्रार्थना पत्र प्रार्थी को दिखाया। ओमप्रकाश ने घबराकर पांच लाख रुपये कौशल कुमार व महिला को दे दिए, जबकि यह प्रार्थना पत्र झूठा था। बाद में पांच लाख रुपये ओमप्रकाश के घर पर राजेन्द्र सिंह व मोहन सिंह के सामने बीती 1 जनवरी 2024 को दिए गए। इसके बाद महिला फिर से दस लाख रुपये की और मांग करने लगी। पीड़ित ने अधिवक्ता अमरीश अग्रवाल, मुनिदेव विश्नोई व भारत भूषण के माध्यम से रुपये मांगने के समस्त साक्ष्य न्यायालय के समक्ष दाखिल किए। इस पर कोर्ट ने आरोपी महिला व उसके साथी को तलब किया है।

### अल्मोड़ा जिले के जंगलों में लगी आग

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** जिले के अलग अलग क्षेत्रों में जंगलों में आग लगने का सिलसिला जारी है। गुरुवार को सल्ट समेत लमगड़ा, द्वाराहाट और धौलादेवी के अनेक जंगलों में दिन भर आग धधकी रही। आग लगने से चारों और धुंए का गुबार फैल गया। कई जगहों पर जंगल की आग सड़क मार्गों तक भी पहुंच गई। जिस कारण वाहन चालकों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। पिछले एक महीने के आंकड़ों पर नजर डालें तो अब तक जिले के 48 से अधिक जंगल जल चुके हैं। लेकिन वन विभाग के पास वनाग्नि की इन घटनाओं का सही सही आंकड़ा तक दर्ज नहीं है।

# धूमधाम से निकाली डॉ. आंबेडकर की शोभायात्रा

कार्यालय संवाददाता, चंदौसी

**अमृत विचार:** ब्लाक बनियाखेड़ा के ग्राम अजीमगंज में गुरुवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर की शोभायात्रा बैंड बाजा संग धूमधाम से निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के पूर्व प्रदेश कोऑर्डिनेटर सतीश प्रेमी ने फीता काटकर किया।

शोभायात्रा में डॉ. भीमराव आंबेडकर, महात्मा ज्योतिबा फुले, भगवान बुद्ध की झांकियां आकर्षण का केन्द्र रहीं। शोभायात्रा ने विभिन्न मार्गो पर भ्रमण किया और शिव मंदिर पर जन सभा के रूप में परिवर्तित हो गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महेश सिंह ने की। संचालन विशाल कुमार. ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सतीश प्रेमी ने कहा कि बाबा साहब ने भारतीय संविधान में दलित व पिछड़ों का राजनीतिक सामाजिक आर्थिक मार्ग प्रशस्त कर दुनिया को समानता का संदेश दिया। कार्यक्रम में कपिल देव, खेमकरण भारती, शिशुपाल, जॉनी सिंह, सिपेक्टर सिंह, विश्वास, प्रेम सिंह, अमन सिंह, कुबेर पाल, राहुल सिंह, पंकज सिंह, रणवीर सिंह वीर सिंह, गौतम कुमार, छत्रपाल, कृष्णपाल, उमेश कुमार, विपिन गौतम आदि मौजूद रहे।



गांव अजीम गंज में शोभायात्रा में शामिल बाबा साहब की झांकी।

## आसपास-उत्तराखंड

### पत्नी ने लगाया डीएसपी पर मारपीट का आरोप

**बरेली, अमृत विचार :** लखनऊ लोकायुक्त में तैनात डीएसपी पर पत्नी ने मारपीट का आरोप लगाया है। थाना इज्जतनगर पुलिस डीएसपी के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

इज्जतनगर के अम्बे आवास कर्मचारी नगर निवासी मंजू सिंह ने आरोप लगाया कि उनके पति राकेश सिंह लखनऊ लोकायुक्त में तैनात हैं। वह शराब पीकर मारपीट करते हैं। आरोप है कि दो दिन पहले बरेली आने पर राकेश सिंह ने शराब पीकर उन पर हमला बोल दिया, जिससे उन्हें गंभीर चोट लगी। मंजू सिंह ने थाना इज्जतनगर पहुंचकर डीएसपी राकेश सिंह के खिलाफ शिकायती पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। राकेश सिंह पदोन्नति से डीएसपी बने हैं। इज्जतनगर पुलिस के अनुसार डीएसपी का मकान दो हिस्सों में बंटा है। एक हिस्से में पत्नी बेटों के साथ और दूसरे में डीएसपी स्वयं रहते हैं।

# कार्यालय में लगा मिला ताला तो घंटों बाहर बैठे रहे कुलसचिव

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- शासन के आदेश पर गुरुवार सुबह पदभार लेने पहुंचे अजय कृष्ण यादव
- दोपहर बाद दूसरी चाबी बनवाकर कुलसचिव ने ताला खुलवाया

**अमृत विचार:** शासन के आदेश पर रुहेलखंड विश्वविद्यालय में कुलसचिव अजय कृष्ण यादव गुरुवार को पदभार ग्रहण करने पहुंचे तो कार्यालय में ताला पड़ा मिला। इसकी वजह से वह और उनका स्टाफ बाहर भटकते रहे। सुरक्षा प्रभारी से चाबी मांगी लेकिन नहीं मिली। चार घंटे बाद स्टाफ के कक्ष का ताला खुल गया लेकिन कुलसचिव के कार्यालय का नहीं। इस पर कुलसचिव ने दूसरी चाबी बनवाकर मंगाई और ताला खुलवाया। कुलसचिव ने इस पूरे घटनाक्रम के संबंध में शासन को भी पत्र भेजा है। वहीं कुलपति प्रो. केपी सिंह की ओर से जांच पूरी न होने से पहले कुलसचिव की ओर से ताला खोलने को गलत बताया है और सुरक्षा प्रभारी से रिपोर्ट मांगी है।

कुलसचिव अजय कृष्ण यादव गुरुवार सुबह करीब सवा 10 बजे विश्वविद्यालय पहुंचे तो उनके कार्यालय में ताला लगा हुआ था। इस पर उन्हें और स्टाफ को बाहर रहना पड़ा। उन्होंने सुरक्षा प्रभारी सुधांशु से कार्यालय की चाबियों के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि चाबियां उनके पास नहीं हैं। कुलसचिव ने शासन के आदेश के बारे में कहा तो बताया गया कि कुलपति के पास अभी लिखित आदेश नहीं पहुंचा है और व्हाट्सएप का आदेश मान्य नहीं। इस दौरान कुलसचिव ने यूपी 112 को भी विवाद की सूचना दे दी। यूपी 112 पहुंची लेकिन विवाद न होने पर वापस लौट गई। कुलसचिव ने उप कुलसचिव सुनीता यादव को भी शासन के आदेश का हवाला देते हुए चाबी उपलब्ध कराने के संबंद्ध में पत्र लिखा। वह काफी देर बाद स्टाफ के कहने पर परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के कक्ष में बैठ गए। करीब ढाई बजे कुलसचिव के स्टाफ के कार्यालय का ताला तो खोल दिया गया। इस पर कुलसचिव ने सुरक्षा प्रभारी से फिर चाबी मांगी तो बताया कि चाबी नहीं है। इसके बाद कुलसचिव ने ताले की दूसरी चाबी बनवाकर मंगाई और फिर सुरक्षा प्रभारी की मौजूदगी में करीब साढ़े तीन बजे ताला खोला गया। इसकी वीडियोग्राफी भी की गई। कुलसचिव का कहना है कि शासन के आदेश का पालन नहीं कराया गया।

